PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 182 ● भिलाई, शनिवार 24 जनवरी 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराई प्राइवेट बस, तीन लोग जिंदा जले

**नंद्याल।** आंध्र प्रदेश के नंद्याल जिले में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार यात्री घायल हुए। चार यात्रियों को मामूली फ्रैक्चर की चोटें आई हैं, जिनको नंद्याल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, नंद्याल के एसपी सुनील श्योरान ने जानकारी दी कि रात लगभग एक से दो बजे के बीच नेल्लोर से हैदराबाद जा रही एक प्राइवेट बस हादसे का शिकार हुई। प्राइवेट बस का आगे का दाहिना टायर फट गया था, जिससे ड्राइवर ने संतुलन खो दिया। अनियंत्रित होकर बस रोड डिवाइडर पार करके सड़क के दूसरी तरफ चली गई, जहां वह सामने से आ रही एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद बस और लॉरी दोनों में आग लग गई। इसके कारण बस और लॉरी दोनों पूरी तरह जलकर खाक हो गए। इसी बीच, सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। हालांकि, सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बस सवार लोगों का रेस्क्यू करने के साथ-साथ यातायात बहाल कराया।

### साल में 5 बार तोड़ा ट्रैफिक नियम तो छिन जाएगा ड्राइविंग लाइसेंस

**नई दिल्ली।** सड़क पर बार-बार लापरवाही करने वाले चालकों पर लगाम कसने के लिए केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मोटर वाहन नियमों में संशोधन करते हुए एक नया प्रावधान जोड़ा है। इसके तहत यदि कोई चालक एक वर्ष के भीतर पांच या उससे अधिक बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस तीन महीने के लिए निलंबित या रद्द किया जा सकता है। मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार यह नया नियम 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना जाएगा। लाइसेंस निलंबित करने या रद्द करने का अधिकार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) या जिला परिवहन अधिकारी के पास होगा। हालांकि, लाइसेंस रद्द करने से पहले संबंधित अधिकारी के लिए लाइसेंस धारक का पक्ष सुनना अनिवार्य होगा।

### प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट का हंटर, केंद्र और दिल्ली सरकार से 4 हफ्ते में मांगा एक्शन प्लान

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में लगातार बिगड़ते प्रदूषण के स्तर पर सुप्रीम कोर्ट ने बेहद सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। सर्वोच्च अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए अगले 4 हफ्तों के भीतर अपना 'एक्शन प्लान' पेश करें। कोर्ट ने दो टूक कहा है कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा सुझाए गए 15 लॉन्ग टर्म (दीर्घकालिक) उपायों को बिना किसी देरी के लागू किया जाना चाहिए। इन उपायों में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को हटाने से लेकर मेट्रो विस्तार और नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति जैसे अहम कदम शामिल हैं।

---

पीएम मोदी ने केरल को दी नई अमृत भारत ट्रेनों की सौगात

# अब केवल अमीर नहीं गरीबों के पास भी क्रेडिट कार्ड.......

नई दिल्ली/ एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (शुक्रवार) केरल के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने राज्य में Inovation और एंटरप्रेन्योरशिप हब का शिलान्यास किया। साथ ही पीएम मोदी ने पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड भी लॉन्च किया, जिससे रेहड़ी-पटरी और फुटपाथ पर काम करने वाले लोगों को आर्थिक मदद मिलेगी। तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री ने तीन नई अमृत भारत ट्रेनों और एक नई यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। जिन ट्रेनों को रवाना किया गया, उनमें नागरकोइल मंगलुरु, तिरुवनंतपुरम तांबरम, तिरुवनंतपुरम चार्लापल्ली रूट की अमृत भारत ट्रेनें शामिल हैं। इसके अलावा त्रिशूर और गुरुवयूर के बीच नई पैसेंजर ट्रेन भी शुरू की गई। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, आज केरल के विकास को केंद्र सरकार के प्रयासों से नई रफ्तार मिली है। राज्य में रेल कनेक्टिविटी और मजबूत हुई है। तिरुवनंतपुरम को देश का एक बड़ा स्टार्टअप हब बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। केरल की धरती से गरीब कल्याण से जुड़ी एक बड़ी पहल की शुरुआत हुई है। पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड से देशभर के रेहड़ी-ठेले और फुटपाथ पर काम करने वाले साथियों को सीधा लाभ मिलेगा। पीएम मोदी ने शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में कहा, आज मुझे यहां एक नई ऊर्जा दिख रही है। मुझे यहां नई उम्मीद दिख रही है। आपका जोश यह विश्वास दिलाता है कि अब केरल में बदलाव होकर रहेगा। यहां लेफ्टिस्ट इको सिस्टम को मेरी बात गले नहीं उतरेगी। लेकिन मैं आपको मजबूती के साथ तर्क और तथ्य के साथ बताउंगा। 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी अखबार में दो लाइन नहीं छपती थी। 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की जैसे आज आपने तिरुवनंपुरम में हासिल की। यहां से केरल में भाजपा की नींव पड़ गई है। इससे पहले पीएम ने यहां कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। 3 अमृत भारत एक्सप्रेस और एक पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी भी दिखाई। इससे पहले पीएम ने 1.5 किमी लंबा रोड शो निकाला। उन्होंने 1987 में अहमदाबाद नगर निगम में मिली जीत का जिक्र करते हुए कहा कि तब से गुजरात के लोग भाजपा को मौका दे रहे हैं। सबरीमाला मंदिर में सोना चोरी की खबरों के बारे में कहा कि भाजपा सरकार आएगी तो इसकी जांच कराकर दोषियों को जेल में भेजा जाएगा। मोदी ने तिरुवनंतपुरम में रैली को संबोधित करते हुए याद दिलाया कि गुजरात में भाजपा का आना लगभग चार दशक पहले एक शहर में जीत हासिल करने से शुरू हुआ था। केरल में भी ऐसा ही होगा। पीएम ने कहा कि 1987 से पहले भाजपा गुजरात में हाशिए पर पड़ी पार्टी थी और उसे शायद कोई मीडिया कवरेज मिलती थी। पीएम ने दावा किया कि दशकों से एलडीएफ और यूडीएफने तिरुवनंतपुरम की उपेक्षा की है, जिससे यह शहर बुनियादी सुविधाओं से वंचित रह गया। पीएम ने लेफ्ट और कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा, वामपंथी और कांग्रेसी लगातार हमारे लोगों की जरूरतों को पूरा करने में विफल रहे हैं।

### सबरीमाला पर क्या गारंटी दे गए पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी ने सबरीमाला के मुद्दे पर कहा, भगवान अयप्पा के प्रति पूरे देश के लोगों की अगाध आस्था है, लेकिन एलडीएफ सरकार ने सबरीमाला मंदिर की परंपराओं को नुकसान पहुंचाने में कमी नहीं छोड़ी है। अब यहां सोना चोरी होने की खबरें आ रहीं। मंदिर में से भगवान के पास से सोने की चोरी की खबरें हैं। मैं कहना चाहता हूं कि यहां भाजपा सरकार बनते ही आरोपों की पूरी जांच होगी। दोषियों की जगह जेल में होगी। यह मोदी की गारंटी है।

### 1998 से गुजरात में भाजपा सरकार

पीएम ने कहा कि तिरुवनंतपुरम नगर निकाय में उनकी पार्टी की जीत केरल को वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के भ्रष्ट शासन से मुक्त कराने के दृढ़ संकल्प की जीत है। हाल में हुए नगर निकाय चुनावों में तिरुवनंतपुरम में भाजपा को जीत मिली। पहली बार वह मेयर बनवाने में कामयाब रही। गुजरात पर 1987 में पहली बार अहमदाबाद के नगर निगम में भाजपा को जीत मिली थी। 1995 में पहली बार गुजरात में भाजपा की सरकार बनी।

---

अंदरूनी कलह' से सियासी पारा हाई

# राहुल से खफा थरूर ने कांग्रेस की बैठक से किया किनारा......

नई दिल्ली/ एजेंसी




केरल विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आज होने वाली कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक से पहले शशि थरूर की नाराजगी की खबर सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक, थरूर आज राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के साथ प्रस्तावित बैठक में शामिल नहीं होंगे और फिलहाल केरल में ही मौजूद हैं। आज दोपहर 2:30 बजे दिल्ली में केरल के वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस आलाकमान की महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया, थरूर हाल ही में कोच्चि में राहुल गांधी की महापंचायत के दौरान हुए व्यवहार से नाराज हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्हें राहुल गांधी के आगमन से पहले अपना भाषण खत्म करने को कहा गया, जिसे थरूर ने 'उचित सम्मान न मिलने' के रूप में लिया। यही कारण है कि वे पार्टी आलाकमान के साथ इस बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व की ओर से इस पूरे घटनाक्रम पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केरल में विधानसभा चुनाव से पहले थरूर की नाराजगी पार्टी के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है। शशि थरूर राज्य में एक लोकप्रिय चेहरा हैं और शहरी मध्यम वर्ग तथा युवा मतदाताओं में उनकी खास पकड़ मानी जाती है। ऐसे में उनका अहम बैठकों से दूर रहना पार्टी के रणनीतिक हितों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। फिलहाल, कांग्रेस नेतृत्व भीतरखाने प्रयास कर रहा है कि मतभेद बढ़ने से पहले सुलझा लिया जाए। थरूर की गैरहाजिरी ने यह साफ कर दिया है कि पार्टी के भीतर असंतोष की आंच अभी ठंडी नहीं हुई है।

### पहले पत्नी को मारकर खुद बुलाई एंबुलेंस फिर कांग्रेस नेता के भतीजे ने कर लिया सुसाइड

**अहमदाबाद।** गुजरात में कांग्रेस नेता शक्तिसिंह गोहिल के भतीजे यशराज सिंह गोहिल ने आत्महत्या कर ली। यशराज की शादी 2 महीने पहले ही हुई थी। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था। इसके बाद यशराज ने पहले पत्नी राजेश्वरी की हत्या की। फिर 108 पर कॉल करके एंबुलेंस को बुलाया। जब डॉक्टर्स ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया तो बाद यशराज ने भी आत्महत्या कर ली। पुलिस और क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही हैं। घटना के बाद एनआरआई टावर के गेट बंद कर दिए गए हैं।

खाड़ी की ओर बढ़ा अमेरिकी जंगी बेड़ा

## फांसी दी तो होगा विनाशकारी हमला-राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प....




**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अपने तेवर और कड़े कर लिए हैं। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम से लौटते समय उन्होंने एयर फोर्स वन में मीडिया से बात करते हुए ईरान को सीधे शब्दों में चेतावनी दी। ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि ईरान पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और यदि वहां सरकार विरोधी प्रदर्शनों में शामिल लोगों को फांसी दी जाती है, तो अमेरिका की ओर से होने वाला हमला पहले से कहीं ज्यादा जोरदार होगा। ट्रम्प ने अपने बयान में एक बेहद तीखी उपमा का उपयोग किया। उन्होंने कहा, 'मैंने कहा था, अगर तुम उन लोगों को फांसी दोगे, तो तुम पर पहले से कहीं ज्यादा जोरदार हमला होगा। उन्होंने पिछले साल जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर हुए अमेरिकी हवाई हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि वह कार्रवाई अब होने वाली कार्रवाई के सामने 'मूंगफली' जैसी लगेगी।

---

6 दिनों से धरने पर बैठे हैं शंकराचार्य

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी की बिगड़ी तबीयत.....

नई दिल्ली/ एजेंसी



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 18 जनवरी से माघ मेले में धरने पर बैठे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की सेहत आज बिगड़ गई। उन्हें बुखार हुआ है। दरअसल, वो खुले आसमान के नीचे 6 दिनों से धरने पर बैठे हैं, जिस कारण उनकी सेहत खराब हुई। उन्होंने डॉक्टरों से सलाह ली है। अभी वह आराम कर रहे। उनके राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज ने सूचना की पुष्टि की। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में मेला प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पालकी रोकी थी। स्वामी को लौटा दिया था। शंकराचार्य के शिष्यों ने आरोप लगाया है कि शिखा पकड़कर उनको पटका गया। इससे संन्यासियों की स्थिति खराब हो गई। प्रशासनिक कार्रवाई से क्षुब्ध होकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने धरना शुरू किया। पुलिस ने स्वामी को पालकी समेत त्रिवेणी मार्ग स्थित उनके शिविर के सामने छोड़ा था। उस दिन से वह उसी स्थिति में अपनी पालकी पर विराजमान हैं। वह जिद पर अड़े हैं। शंकराचार्य की मांग है कि प्रशासन सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। इसके साथ ही उन्हें सम्मान के साथ स्नान करवाए और शिविर में प्रवेश कराए। उसके बाद वह अपने शिविर में चले जाएंगे। अविमुक्तेश्वरानंद ने हाल में कहा है कि प्रशासन की कार्रवाई के चलते वे सवा लाख शिवलिंग स्थापित नहीं कर पाए।

### सिख विरोधी दंगा मामला :एक केस में पूर्व सांसद सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली।** 1984 सिख विरोधी दंगों के एक मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को राहत मिल गई है। दिल्ली की एक अदालत ने सज्जन कुमार को उस केस में बरी कर दिया है जिसमें उन पर जनकपुरी और विकासपुरी में भीड़ को हिंसा के लिए भड़काने का आरोप था। स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने सज्जन कुमार को बरी करने का संक्षित रूप से मौखिक फैसला सुनाया। फैसले की कॉपी का इंतजार है। पिछले साल दिसंबर में मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने 22 जनवरी के लिए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मोदी जी! आप जवाबदेह हैं

# 4.5 करोड़ से अधिक नौकरियां और लाखों बिजनेस दांव पर.....

नई दिल्ली/ एजेंसी



लोकसभा में नेता विपक्षी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी टैरिफ से देश में टेक्सटाइल इंडस्ट्री की खस्ता हालत को लेकर आज पीएम मोदी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने अमेरिकी टैरिफ से टेक्सटाइल एक्सपोर्टरों के नुकसान को लेकर सवाल उठाया। देश में नौकरियों और लाखों बिजनेस के भविष्य को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने पूरे मामले में पीएम मोदी से जवाबदेही की बात भी कही। इस संबंध में पीएम से ध्यान देने का आग्रह किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ और अनिश्चितता भारत के टेक्सटाइल एक्सपोर्टरों को बुरी तरह नुकसान पहुंचा रहे। नौकरियों का जाना, फैक्ट्रियों का बंद होना और ऑर्डर में कमी हमारी खराब अर्थव्यवस्था की सच्चाई है। नेता विपक्ष ने कहा कि मोदी जी ने राहत नहीं दी है और न टैरिफ के बारे में कुछ कहा है। 4.5 करोड़ से ज्यादा नौकरियां और लाखों बिजनेस दांव पर लगे हैं। राहुल गांधी ने लिखा कि मोदी जी! आप जवाबदेह हैं। कृपया इस मामले पर ध्यान दें! राहुल गांधी ने कपड़ा उद्योग के सामने पेश हो रहीं चुनौतियों के बारे में इंडस्ट्री से जुड़े लोगों से बात की। साथ ही कांग्रेस नेता ने अमेरिका द्वारा चीन और बांग्लादेश के टैरिफ और भारत के मुकाबले वहां होने वाले असर पर बातचीत की। साथ ही राहुल गांधी ने बांग्लादेश से मिल रहे कंपीटिशन की बात कही।

---

गणतंत्र के अमृतकाल में साहित्य उत्सव का आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक : मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

# राष्ट्र निर्माण की बुनियाद में साहित्य की सदैव रही है निर्णायक भूमिका

- साहित्य आशा, साहस और सामाजिक चेतना जागृत करने का सबसे सशक्त माध्यम : उप सभापति
- रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का हुआ भव्य शुभारंभ: देशभर के 120 साहित्यकार, 42 सत्रों में करेंगे विचार-विमर्श

रायपुर/ संवाददाता



राजधानी रायपुर के नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन परिसर में आज रायपुर साहित्य उत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह राज्यसभा के उप सभापति श्री हरिवंश के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री विष्णु श्री देव साय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समारोह का आयोजन विनोद कुमार शुक्ल मंडप में किया गया, जिसमें उपमुख्यमंत्री अरुण साव, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा की कुलपति डॉ. कुमुद शर्मा तथा सुप्रसिद्ध रंगकर्मी एवं अभिनेता मनोज जोशी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री पंकज झा, वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय तथा छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उद्घाटन अवसर पर अतिथियों के करकमलों से छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर आधारित पुस्तिका, एक कॉफी टेबल बुक छत्तीसगढ़ राज्य के साहित्यकार, जे. नंदकुमार द्वारा लिखित पुस्तक नेशनल सेल्फहुड इन साइंस, प्रो. अंशु जोशी की पुस्तक लाल दीवारें, सफेद झूठ तथा राजीव रंजन प्रसाद की पुस्तक तेरा राज नहीं आएगा रे का विमोचन किया गया। उप सभापति श्री हरिवंश ने अपने संबोधन की शुरुआत छत्तीसगढ़ के महान साहित्यकार स्वर्गीय विनोद कुमार शुक्ल को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी साहित्य की एक समृद्ध और प्राचीन परंपरा रही है तथा इस प्रदेश ने अपनी स्थानीय संस्कृति को सदैव मजबूती से संजोकर रखा है। रायपुर साहित्य उत्सव के आयोजन में अत्यंत रचनात्मक दृष्टिकोण स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने कबीर के काशी से गहरे संबंधों का उल्लेख करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के कवर्धा से भी उनका विशेष जुड़ाव रहा है। उप सभापति श्री हरिवंश ने कहा कि एक पुस्तक और एक लेखक भी दुनिया को बदलने की शक्ति रखते हैं। उन्होंने राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि साहित्य समाज को दिशा देता है, आशा जगाता है, निराशा से उबारता है और जीवन जीने का साहस प्रदान करता है। उपसभापति श्री हरिवंश ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और 2047 तक विकसित भारत का संकल्प हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि भारत आज स्टील, चावल उत्पादन और स्टार्टअप्स के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। देश की आत्मनिर्भरता से दुनिया को नई दिशा मिली है और इस राष्ट्रीय शक्ति के पीछे साहित्य की सशक्त भूमिका रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है और इस पावन भूमि पर तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का शुभारंभ होना हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने देशभर से आए साहित्यकारों और साहित्य प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि रायपुर साहित्य उत्सव 2026 साहित्य का एक महाकुंभ है, जिसमें प्रदेश और देश के विभिन्न राज्यों से आए 120 से अधिक ख्यातिप्राप्त साहित्यकार सहभागिता कर रहे हैं। आयोजन के दौरान कुल 42 सत्रों में समकालीन सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक विषयों पर गहन विमर्श होगा।

C M Y K

# केन्द्र व राज्य सरकार आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पितः मंत्री टंकराम वर्मा

## डौण्डी ब्लॉक के ग्राम नर्राटोला में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज द्वारा आयोजित शहीद गैंदसिंह नायक के शहादत दिवस समारोह में हुए शामिल






**बालोद।** प्रदेश के राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार आदिवासियों के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने आदिवासी समाज को सहज, सरल, निश्चल, मेहनकश एवं स्वाभिमानी समाज बताते हुए कहा कि जनजातीय समाज का विरासत एवं संस्कृति अत्यंत वैभवशाली है। कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा मंगलवार को जिले के डौण्डी ब्लॉक के ग्राम नर्राटोला में अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज द्वारा आयोजित शहीद गैंदसिंह नायक शहादत दिवस के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। मंत्री टंकराम वर्मा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मंतूराम पवार ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िया, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, पूर्व विधायक जनक ठाकुर एवं डोमेन्द्र भेड़िया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, हल्बा, हल्बी समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जीआर राणा, अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आरएस नायक, सेवा निवृत्त आईएएस बीएल ठाकुर एवं जीआर चुरेन्द्र, सेवा निवृत्त आईपीएस जेआर ठाकुर, डॉ. जितेन्द्र मीणा सहित अन्य अतिथि एवं समाज प्रमुखगण उपस्थित थे।

### जनजातीय समाज के हितो की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा : मंत्री

*इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा ने आदिवासी समाज के गौरवशाली विरासत के अलावा शहीद गैंदसिंह नायक के अदम्य वीरता के साहस एवं पराक्रम के साथ-साथ उनके व्यक्ति त्व एवं कृतित्व के संबंध में भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अमर शहीद गैंदसिंह नायक ने अंग्रेजी हुकुमत के दमन एवं क्रूरता का प्रतिकार करने हेतु आदिवासी समाज को संगठित कर सन् 1824 एवं 1825 में अंग्रेजों के विरूद्ध क्रांति का शंखनाद किया था। इस तरह से शहीद गैंदसिंह नायक के नेतृत्व में आदिवासी समाज के द्वारा 1857 के क्रांति के पूर्व मध्य भारत के सघन आरण्य छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम क्रांति के लौ को प्रज्वलित की थी। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी हुकुमत के द्वारा 20 जनवरी 1825 को शहीद गैंदसिंह नायक को सरेआम फांसी दे दी गई थी। इस तरह से देश के आजादी के क्रांति का सर्वप्रथम बिगुल फुंकने का कार्य आदिवासी समाज के महापुरूषों एवं जननायकों द्वारा प्रारंभ किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले केन्द्र सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा जनजातीय समाज के हितो की रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।*

### कैंकर चो गौरव पुस्तक का किया विमोचन

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 'हम न केवल आदिवासियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेंगे वरन उनके गौरवशाली विरासत एवं संस्कृति को भी वैश्विक पहचान दिलाने का कार्य करेंगे।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा सन् 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी उसी तर्ज पर 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री ने सुमधुर छत्तीसगढ़ी गीत की प्रस्तुति से सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतूराम पवार ने हल्बा, हल्बी समाज के महत्ता एवं विरासत के अलावा कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनिला भेड़िया ने शहीद गैंदसिंह नायक के वीरता एवं साहस का उल्लेख करते हुए 20 जनवरी के दिन को संपूर्ण आदिवासी समाज के लिए काला दिवस बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने निष्कपट, निश्छल, स्वाभिमानी एवं मेहनतकश समाज बताते हुए उनके स्वभावगत विशेषताओं की भूरी-भूरी सराहना की। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर ने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा जनजातीय समाज के हितों की रक्षा के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. जितेन्द्र मीणा एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कोसले ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार से संवैधानिक प्रावधानों के आधार पर आदिवासी समाज का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित करने की मांग की। इस अवसर पर कार्यक्रम का स्वागत भाषण महासचिव श्याम सिंह तारम ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं सामाजिक जनों को आंगादेव एवं आदिवासी एवं हल्बा समाज के अन्य आराध्य देवी-देवताओं का जीवंत साक्षात्कार भी कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने डॉ. कृष्णकांत राणा द्वारा रचित पुस्तक कैंकर चो गौरव (कांकेर के गौरव) पुस्तक का विमोचन भी किया।

# प्रतिभा सम्मान समारोहः आज 18 होनहारों का मुख्यमंत्री निवास में सीएम के हाथों होगा सम्मान




**बालोद।** जिले के 18 होनहारों का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सम्मान करेंगे। सत्र 2024 एवं 2025 में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले प्रतिभावान बच्चों का आज मुख्यमंत्री निवास में सम्मान किया जाएगा। जो की बालोद जिले के लिए गर्व का क्षण है। राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में वर्ष 2024 एवं 2025 जिले के टॉप रैंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र, गोल्ड मेडल एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। यह सम्मान न केवल 18 होनहारों का है, बल्कि पूरे बालोद जिले के लिए यह गौरव की बात है। डदरअसल छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा सत्र 2024 एवं 2025 के प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन आज 23 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री निवास, सेक्टर-24 अटल नगर, नवा रायपुर में' किया जा रहा है। जिसमें जिले के हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी में प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त 18 छात्र-छात्राओं एवं उनके एक पालक के साथ उपस्थित होने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सभी प्राचार्यो को लिख निर्देशित किया है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा है कि उक्त सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु छात्र-छात्राओं का निर्धारित समय एवं स्थान में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

### इन प्रतिभावान छात्रों का होना है सम्मान

वर्ष 2024 में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों में स्वामी आत्मानंद शा.उ. हिंदी माध्यमिक विद्यालय झलमला के 12वीं की छात्रा हर्षवती पिता किरण साहू (5वां स्थान), प्रियदर्शनी पब्लिक स्कूल अर्जुन्दा के 10वीं के छात्र राहुल गंजीर पिता लेखराम गंजीर (4वां स्थान), स्वामी आत्मानन्द शा.उ.हिंदी मा. विद्यालय के 10वीं की छात्रा डॉली साहू पिता पुसन कुमार साहू (4वां स्थान), शा.उ.मा.वि. फागुन्दाह के 10वीं की छात्रा प?ध्वनी शांडिल्य पिता भूपेन्द्र शांडिल्य (5वां स्थान), शा.उ.मा.वि.धनेली के 10वीं की छात्रा जिज्ञासा पिता जितेश कुमार (5वां स्थान), संस्कार शाला बालोद के 10वीं का छात्र लुकेश कुमार राजपूत पिता दुजराम राजपूत (6वां स्थान), शा.उ.मा.हि खुटेरी के 10वीं की छात्रा बबिता साहू पिता सुरेश कुमार साहू (6वां स्थान), शा. कन्या हाईस्कूल करडीभदर के 10वीं का छात्र तोषण कुमार पिता हेमन्त कुमार (8वां स्थान), शा. हाईस्कूल भानपुरी के 10वीं का छात्र खोमेन्द्र कुमार पिता रेखराम साहू (8वां स्थान), स्वामी आत्मानंद शा.उ. अंग्रेजी मा.वि.आमापारा बालोद के 10वीं की छात्रा खुशी दुवानी पिता उमेश दुवानी (9वां स्थान), स्वामी आत्मानंद शा.उ. अंग्रेजी मा.वि.अर्जुन्दा के 10वीं की छात्रा हेमप्रज्ञा साहू पिता टीकाराम साहू (10वां स्थान) एवं शा.उ.मा.वि.डूंडेरा के 10वीं का छात्र रितिक देवांगन पिता हुमेश कुमार देवांगन (10वां स्थान) और वर्ष 2025 में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों में सेजेस अंग्रेजी माध्यम वि. कुसुमकसा के 10वीं की छात्रा ग्रेसी साहू पिता तुका राम साहू (10वां स्थान), सेजेस अंग्रेजी माध्यम वि. डौण्डी के 10वीं की छात्रा रिया केंवट पिता नर्मदा केंवट (3वां स्थान), सेजेस अंग्रेजी माध्यम वि अर्जुन्दा के 10वीं की छात्रा भावना साहू पिता अनिल कुमार साहू (7वां स्थान), सेजेस हिंदी माध्यम, बालोद के 10वीं के छात्र योगान्त देशमुख पिता नेमेन्द्र कुमार देशमुख (8वां स्थान), सेजेस अंग्रेजी माध्यम वि.अर्जुन्दा के 10वीं का छात्र ध्रुव कुमार पिता चम्पा लाल साहू (9वां स्थान) एवं प्रयास आवासीय विद्यालय पिनकापार के 10वीं की छात्रा भूमिका पिता मनोज कुमार (10वां स्थान) को सम्मानित किया जाएगा।

# महावीर ट्रेडर्स के पास कैंपस में 28 कट्टा धान जब्त

## तहसीलदार ने की जांच, लावारिस धान मंडी के सुपुर्द

### धानखरीदी पीरियड में बिचौलियों के कारनामे की आशंका



**डोंगरगांव नगर।** नगर के आऊटर में वेयरहाउस गोदाम के सामने स्थित महावीर ट्रेडर्स से सटकर प्रायवेट आईटी कैम्पस में बुधवार को 28 कट्टा धान लावारिस स्थिति में पाई गई है। सूचना मिलने पर तहसीलदार ने राजस्व अमले के साथ मौके पर पड़ताल किया। धान के कट्टे में मार्का लगे होने से अवैध खरीदी बिक्री की आशंका जताई जा रही है। लावारिस धान को फिलहाल कृषि उपज मंडी के सुपुर्द किया है। उल्लेखनीय है कि इन दिनों धानखरीदी का सीजन जारी है। जिला प्रशासन ने धानखरीदी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने एवं धानखरीदी को सुचारू ढंग से जारी रखने पूरी ताकत झोंक दी है। समूचा राजस्व अमला अवैध धान को रोकने, आवश्यकतानुसार रकबा समर्पण कराने तल्लीनता से जुटा हुआ है। ऐसे हालात में वेयरहाउस गोदाम के सामने मेनरोड किनारे स्थित महावीर ट्रेडर्स की दीवार से सटकर प्रायवेट आईटी कैम्पस में लावारिस धान मिलने सहित धान के बारदाने में सरकारी मार्का लगे होने से बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी व बिक्री की संभावनाओं को बल मिल गया है। इस आशय की खबर प्रशासन को मिलते ही तहसीलदार कमल किशोर साहू ने राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचकर महावीर ट्रेडर्स एवं प्राइवेट आईटी संस्था कार्यालय में पड़ताल की। सीसी कैमरे में स्पष्ट नही होने से 28 कट्टे धान को फिलहाल कृषि उपज मंडी के अभिरक्षा में सौंप दिया गया है। तहसीलदार द्वारा तत्संबंध में कलेक्टर को पत्र प्रेषण किये जाने एवं खाद्यविभाग डीएमओ को अवगत कराने की खबर है।

# वंदे मातरम समिति द्वारा 150 वीं वर्षगांठ मनाई गई



**दल्लीराजहरा।** वंदे मातरम समिति द्वारा बस स्टैंड के उद्यान में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ मनाई गई। समिति अध्यक्ष शिखर चंद जैन ने कहा कि वंदे मातरम, वंदे मातरम भारत के इस राष्ट्रीय गीत ने अंग्रेजों की नींद उड़ा दी थी,राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। दल्ली विधानसभा मीडिया प्रभारी भूपेंद्र डहरवाल ने कहा कि आज जब 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश इस राष्ट्रीय जागरण के पर्व को गर्वपूर्वक मना रहा है। देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150 वीं वर्षगांठ पर समस्त प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि, मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाला यह अमर गीत युगों-युगों तक हम सभी को देशहित के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। स्वाधीनता संग्राम के कालखंड में बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर बन गया। इस उद्घोष ने असंख्य वीरों में मातृभूमि के लिए जीने-मरने का संकल्प जगाया।वन्दे मातरम एक ऐसा गीत जिसका पहला शब्द ही हमारे हृदय में भावनाओं का उफान ला देता है। सहज भाव में यह हमें मां भारती के वात्सल्य का अनुभव कराता है। कठिनाई के समय में वन्दे मातरम का उद्घोष 140 करोड़ भारतीयों को एकता की ऊर्जा से भर देता है। वंदे मातरम समिति द्वारा राजहरा नगरी में इमानदारी का उदाहरण बने डा सुरेंद्र साहू एवं उन्हें संस्कार वान बनाने वाले उनके पिता हीरा लाल साहू का भी सम्मान किया गया। जो आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बने। उपस्थिति सभी लोगों का अभिवादन नम्मू, जलाराम मंदिर के पुजारी ने तिलक लगा कर किया जिसकी सभी ने प्रशंसा की।

### इस 26 जनवरी तक ठीक 11 बजे वन्देमातरम गीत गायन होग

*कार्यक्रम मे नगर पालिका अध्यक्ष तोरन लाल साहू, अनाज किराना अध्यक्ष कैलाश छाजेड़, राजहरा व्यापारी संघ के महामंत्री अशोक लोहिया, वार्ड क्रमांक 24 व 21 के पार्षद विशाल मोटवानी और भूपेंद्र श्रीवास, शेखर रेड्डी एवं प्रेमचंद जैन , चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष शिखरचंद जैन, राजेश अग्रवाल, भूपेंद्र डहरवाल उपस्थित रहे।*

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ई-समन, ई-साक्ष्य, ई-चालान एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**तकनीकी त्रुटि के कारण 20 जनवरी को समाचार ग़लत प्रकाशित हो गया था जबकि समाचार सही है**



**बेमेतरा।** अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश सरोजनंद दास के मार्गदर्शन में व मो. जहांगीर तिगाला, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बेमेतरा, अनिता कोशिमा रावटे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, सुश्रुति साहू, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, बेमेतरा, सुसार्विका चतुर्वेदी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, बेमेतरा एवं तुषार बारीक, अतिरिक्त न्यायाधीश, प्रथम सिविल जज जूनियर डिवीजन, बेमेतरा की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा (सुरक्षित ड्राइविंग और सुरक्षित सफर) एवं ई-चालान के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उक्त कार्यशाला के माध्यम से ई-समन, ई-साक्ष्य, ई-चालान एवं सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी मुददों एमवी एक्ट और उसके तहत् बनाये गये नियमों में दिये गये सुरक्षा उपायों का पालन न करने के बुरे और गंभीर असर के बारे में आम जन को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्कूलों एवं ग्राम पंचायतों में किए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रम में समन्वय स्थापित कर सहयोग प्रदान करने कहा गया। उक्त कार्यशाला में मो. जहांगीर तिगाला, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बेमेतरा द्वारा न्यायालय के समस्त स्टॉफ व थाना के सीसीटीएनएस स्टॉफ को ई-समन, ई-चालान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भविष्य में समस्त न्यायालय में पेपरलेस कार्य होना है जिसके तहत् बेमेतरा जिला न्यायालय के एचजेएस व एलजेएस से एक-एक न्यायालय को चिन्हांकित किया गया है। उक्त न्यायालयों में पूर्णतः पेपरलेस कार्य किया जावेगा तथा थानों से भी ई-चालान ही लिया जायेगा इसलिए अधिक से अधिक संख्या में ई-चालान प्रस्तुत करने एवं न्यायालयीन कर्मचारियों को इ-चालान प्राप्ति पश्चात् की जाने वाली कार्यवाही से अवगत कराया गया इसके अतिरिक्त ई-समन, ई-तामिली व ई-साक्ष्य के संबंध में भी जानकारी दिया गया इसके अतिरिक्त सीसीटीएनएस स्टॉफ द्वारा ई-चालान, ई-समन, ई-साक्ष्य में आ रहे समस्याओं को निराकरण हेतु उपस्थित हरीश यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बेमेतरा को अपने विभाग स्तर पर समस्याओं का समाधान हेतु उच्च स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराने के संबंध में चर्चा किया गया।

# शिवनाथ नदी से अवैध सिंचाई पर बड़ी कार्रवाई

### ग्रीष्मकालीन धान की अवैध सिंचाई करते पकड़े गए किसान, पम्प जब्त



**बेमेतरा।** ग्रीष्मकाल में जल संकट की स्थिति को देखते हुए अवैध जल दोहन पर सख्ती बरतते हुए जल संसाधन विभाग बेमेतरा द्वारा शिवनाथ नदी से की जा रही अवैध सिंचाई के विरुद्ध कार्रवाई की गई। विभागीय टीम ने तहसील बेरला अंतर्गत ग्राम बूढाजौंग में निरीक्षण के दौरान ग्रीष्मकालीन धान की सिंचाई करते हुए अवैध पम्प पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पम्प जप्त किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि संबंधित कृषक द्वारा विद्युत विभाग के पोल से कटिया तार लगाकर अवैध विद्युत कनेक्शन के माध्यम से पम्प संचालित किया जा रहा था, जिससे शिवनाथ नदी के जल का अनधिकृत उपयोग किया जा रहा था। यह कृत्य जल संसाधन अधिनियम एवं विद्युत अधिनियम दोनों का उल्लंघन पाया गया। जल संसाधन विभाग की टीम द्वारा मौके पर ही पम्प को जप्त कर लिया गया तथा संबंधित प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ग्रीष्मकालीन धान की सिंचाई पूर्णतः प्रतिबंधित है और नदी, नालों अथवा अन्य जल स्त्रोतों से अवैध जल दोहन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे शासन के निर्देशों का पालन करें, जल संरक्षण में सहयोग दें तथा अवैध सिंचाई से बचें। जल संसाधन विभाग द्वारा जिले में निरंतर निगरानी रखी जा रही है और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी।

# क्रांति जैन के द्वारा किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**दल्लीराजहरा।** क्रांति मेडिकल के संचालक क्रांति जैन के द्वारा 68 वां निःशुल्क शिविर सकल जैन समाज दल्ली राजहरा के सानिध्य में दल्ली राजहरा के जैन दादाबाड़ी में 20 जनवरी को आयोजित किया गया। क्रांति मेडिकल के संचालक क्रांति जैन ने अपने जन्मदिन पर नि :शुल्क शिविर के अंतर्गत अपने पूज्य पिताजी स्व. कमलचंद जैन के पावन स्मृति में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस नेत्र शिविर के आयोजन में डॉ. आनंद सक्सेना (अरविंदो नेत्रालय, रायपुर)के नेत्र रोग विशेषज्ञों और उनकी टीम द्वारा के सहयोग से दिनांक 20 जनवरी - सुबह 9:00 बजे से रात 9 बजे तक स्थान ङ्क जैन दादाबाड़ी, जैन भवन चौक, दल्ली राजहरा मे संपन्न हुआ । जिसके अंतर्गत लगभग 525 महिला एवं पुरुषों का नेत्र परीक्षण हुआ । इस परीक्षण शिविर में 160 व्यक्तियों को मोतियाबिंद की समस्या डॉक्टर के द्वारा बताई गई है । जिसमे सभी 160 व्यक्तियों को रायपुर ले जाकर निःशुल्क ऑपरेशन करवाया जाएगा । इस नेत्र शिविर के अंतर्गत 260 लोगों को निःशुल्क चश्मा का भी वितरण किया गया और निःशुल्क दवाई भी दी गई । इस नेत्र शिविर का लाभ उठाने के लिए सुबह से ही लोगों की भीड़ लग गई थी । सकल जैन समाज के सदस्यों के द्वारा बेहतरीन तरीके से व्यवस्था कि जिसके परिणाम स्वरूप लोग कतारबद्ध होकर डॉक्टर के समक्ष अपनी समस्याएं रखी और जांच में सहयोग किया आये हुए सभी व्यक्तियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई थी । जिसका सभी ने लाभ लिया । शिविर के मांध्यम से 13 व्यक्तियों ने ने मृत्यु पश्चात् नेत्र दान करने का संकल्प लेकर फार्म भरा जिनका जैन समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा सम्मान किया गया । इस नेत्र शिविर मे सकल जैन समाज के सदस्यों एवं श्री महावीर सेवा समिति तथा जे एस जी ग्रुप के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान मिला तथा इस शिविर मे नगर पालिका के अध्यक्ष तोरण साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज दुबे, बालोद जिला एस. पी. योगेश पटेल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर,प्रदेश भाजपा महिला महामंत्री शीतल नायक, बालोद जिला भाजपा महामंत्री सौरभ लुनिया, पूर्व जनपद सदस्य एवं संजय बैस तथा दल्ली राजहरा के लगभग सभी वार्डो के पार्षदों ने अपनी उपस्थिति देकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया ।

क्रांति जैन द्वारा समय समय पर ऐसे सेवा सहयोग कार्य एवं जरूरतमंद लोगों कि सेवा करते रहते है अंत में आभार व्यक्त करते हुए क्रांति जैन ने कहा कि इस नेत्र शिविर का आयोजन मैंने सकल जैन समाज के सानिध्य में पूज्य पिताजी जो हमेशा समाज कार्य में अग्रणी रहे उनकी स्मृति में आयोजन किया है। मेरा अहो भाग्य है कि इस शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा करने का मुझे मौका मिला। मेरा प्रयास रहेगा की इस तरह की और बेहतरीन शिविर का आयोजन मैं भविष्य में कर सकूं।

## संक्षिप्त समाचार

### पीठासीन अधिकारी सम्मेलन लखनऊ में भाग लेने छग विस के सचिव दिनेश शर्मा पहुंचे

**रायपुर।** संस्कृति कार्य प्रक्रिया पर सार्थक राष्ट्रीय मंथन करने के लिए आज से 86 वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मलेन लखनऊ में शुरू हो गया है जिसमें छग विस के सचिव दिनेश शर्मा शामिल हुए है। इस कार्यक्रम में संसदीय प्रक्रिया को मजबूत करने सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। छग विस सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार लखनऊ में पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन आज से शुरू हो गया है इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश तथा विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन सिंह एवं विस अध्यक्ष सतीश माहना शामिल होंगे। ये सभी संसदीय प्रक्रिया को मजबूत बनाने पर विचार विमर्श करेंगे। विस लखनऊ में यह कार्यक्रम आज से शुरू हो गया है। इस कार्यक्रम में छग से सचिव दिनेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए है। छग में संसदीय प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए कई प्रस्ताव पारित किये गये है। जिसके अनुसार कोई भी विस की कार्रवाई में यदि शोर शराबा एवं गर्भगृह में आता है तो वह स्वमेव निलंबित हो जाता है। यहां पर हर मुद्दे पर बहश होती है बजत में चर्चा की जाती है। विस अध्यक्ष कार्यालय के अनुसार रमन सिंह भी इस कार्यक्रम में जाने वाले है। लेकिन उनके जाने की अधिकृत जानकारी नहीं मिली है। छग में विस का नया भवन बनकर तैयार हो गया है जो कि आधुनिक भवन में से एक है। यहां पर समस्त आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है।

### नजूल भूमि पर निर्मित नाबालिग के दुष्कर्म के आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी का अवैध निर्माण तोड़ा गया

**रायपुर।** गुरूगोविंद सिंह वार्ड के झंडा चौक पंडरी के समीप नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी का आज शासकीय नजूल भूमि पर किया गया अवैध निर्माण तोड़ दिया गया। नगर निगम द्वारा मिली जानकारी के अनुसार अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर यह कार्यवाही की गई। राजधानी की महापौर ने इस संबंध में स्पष्ट आदेश दिया था कि दुष्कर्म के आरोपी का नजूल भूमि पर बना अवैध निर्माण तोड़ दिया जाए इसके पश्चात यह कार्यवाही की गई। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, आयुक्त विश्वदीप और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह के निर्देश पर यह कार्यवाही की गई। रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत जोन 3 क्षेत्र में गुरू गोविन्द सिंह वार्ड क्रमांक 29 क्षेत्र अंतर्गत झंडा चौक पंडरी के समीप नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी का शासकीय नजूल भूमि पर किया गया अवैध निर्माण नियमानुसार तीन नोटिस देने के पश्चात जेसीबी मशीन की सहायता से अभियान चलाकर तोड़ा गया. याकुब खान और मुन्नवर खान द्वारा शासकीय नजूल भूमि में किया गया अवैध निर्माण नियमानुसार नोटिस देकर तोड़ा गया. कुल लगभग 700 वर्गफीट क्षेत्र में अवैध कब्जा कर बनाये गए 3 मकानों को तोड़कर शासकीय नजूल भूमि को अवैध कब्जामुक्त करवाया गया. अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान रायपुर तहसीलदार दीवान और रायपुर नगर पालिक निगम जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह के मार्गनिर्देशन में जोन 3 कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज सहित नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग के अन्य सम्बंधित कर्मचारियों, नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम के सम्बंधित कर्मचारियों की पुलिस प्रशासन बल सहित उपस्थिति रही।

### निगम आयुक्त ने की शहरी योजनाओं की समीक्षा, लक्ष्य समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर रायपुर निगम आयुक्त विश्वदीप ने कलेक्टर सभाकक्ष में निगम अधिकारियों, जोन आयुक्तों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 एवं 2.0, स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मिशन अमृत 2.0 तथा एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) रूल 2023 के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। निगम आयुक्त विश्वदीप ने सभी योजनाओं में निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को तत्काल प्रारंभ किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में जिले के नगरीय निकायों द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के लिए संग्रहित ठोस अपशिष्ट के प्रतिशत में 10 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत प्रथम ऋण प्रकरणों में पात्र हितग्राहियों को ऋण वितरण सुनिश्चित करने तथा स्वीकृत लक्ष्य का 40 प्रतिशत कार्य लक्ष्य निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने पर जोर दिया। मिशन अमृत 2.0 के अंतर्गत शेष नल कनेक्शनों के लक्ष्य को जल्द पूरा करने तथा स्वीकृत सीवेज योजनाओं में भौतिक प्रगति को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। एबीसी रूल 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत नगरीय निकायों में आवारा कुत्तों के स्टेरलाईजेशन, वैक्सीनेशन।

---

**मुख्यमंत्री साय राडा ऑटो एक्सपो-2026 के शुभारंभ कार्यक्रम में हुए शामिल**

# मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाएं रोकने ट्रैफिक नियमों के पालन की अपील की

- 20 जनवरी से 5 फरवरी तक वाहनों की बिक्री पर लाइफ टाइम रोड टैक्स में मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के श्रीराम बिजनेस पार्क में रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित राडा ऑटो एक्सपो-2026 के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार हर क्षेत्र में निरंतर विकास के लिए प्रयासरत है। राज्य में आम नागरिकों की परचेसिंग पावर बढ़ी है, जिसके चलते बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए लोगों से ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम के दौरान यामाहा एक्सएसआर-155, टाटा सिएरा तथा महिंद्रा 7 एक्सओ वाहनों की लॉन्चिंग की। इसके साथ ही उन्होंने मनी मैटर्स पुस्तक का भी विमोचन किया। राडा ऑटो एक्सपो-2026 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विगत दो वर्षों में राज्य के किसानों को धान का उचित मूल्य प्राप्त हो रहा है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में किए गए सुधारों से कई वस्तुओं की कीमतों में कमी आई है, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिली है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर लोगों से चर्चा के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि जीएसटी दरों में कमी से बाइक की कीमत में लगभग 15 से 25 हजार रुपए तक का लाभ हो रहा है। वहीं, एक व्यक्ति ने बताया कि हार्वेस्टर की कीमत में करीब 2 लाख रुपए तक की कमी आई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य में नई उद्योग नीति लागू की गई है, जिसकी देश-विदेश में सराहना हो रही है। पिछले एक वर्ष में लगभग 8 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और कई परियोजनाओं पर धरातल पर कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने



कहा कि पिछले वर्ष भी उन्हें ऑटो एक्सपो में आने का अवसर मिला था, उस समय भी सरकार द्वारा रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट दी गई थी, जिसका व्यापक लाभ मिला। उस दौरान 25 हजार वाहनों की बिक्री का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन लगभग 29 हजार वाहनों का विक्रय हुआ। इससे सरकार को करीब 800 करोड़ रुपए का जीएसटी तथा परिवहन विभाग को 129 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। आम नागरिकों को भी ऑटो एक्सपो का प्रत्यक्ष लाभ मिला। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस वर्ष राडा ऑटो एक्सपो का आयोजन और अधिक वृहद स्तर पर किया गया है। एक्सपो का क्षेत्रफल बढ़ाया गया है तथा इसमें 300 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। पूरे प्रदेश से उद्यमी और विभिन्न कंपनियां इसमें सहभागिता कर रही हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि पहले ही दिन लगभग 2000 वाहनों का पंजीयन हो चुका है और उन्हें विश्वास है कि इस वर्ष 50 हजार वाहनों की बिक्री का लक्ष्य भी अवश्य पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑटो एक्सपो का आयोजन प्रतिवर्ष इसी तरह किया जाना चाहिए। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि राडा ऑटो एक्सपो का यह नौवां संस्करण केवल वाहनों के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश में रोजगार सृजन और ऑटो सेक्टर की प्रगति का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रोड टैक्स में दी जा रही 50 प्रतिशत छूट से ग्राहकों के साथ-साथ प्रदेश के छोटे और मध्यम व्यवसायियों को भी लाभ मिल रहा है। राज्य में सड़कों का निरंतर विस्तार हो रहा है, जिससे कनेक्टिविटी बढ़ी है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई है। छत्तीसगढ़ में ऑटो सेक्टर लगातार आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि मंत्रिपरिषद द्वारा राजधानी रायपुर में 20 जनवरी से 5 फरवरी 2026 तक आयोजित 9वें ऑटो एक्सपो के दौरान बिकने वाले वाहनों पर लाइफटाइम रोड टैक्स में 50 प्रतिशत छूट देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।

---

# लाखों की लूट के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/ संवाददाता

जिले के चांपा थानाक्षेत्र में कुछ दिनों पहले हुए 20 लाख रूपये से अधिक रकम की लूट के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा आरोपी के कब्जे से 268000 नगदी, एक मोबाइल एवं एटीएम कार्ड बरामद किया है। मामले में पहले ही 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बता दें कि प्रार्थी हरीश देवांगन निवासी चाम्पा द्वारा थाना चाम्पा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह मेसर्स अरविंद इंडस्ट्रीज चाम्पा में विगत 04-05 सालों से सुपरवाईजर का काम करता है तथा कैश कलेक्शन के लिए अलग - अलग जगह जाता रहता है इसी प्रकार दिनांक 09.01.2026 को सुबह 10.30 बजे हरीश देवांगन कंपनी का राशि कलेक्शन के लिए मोटर सायकल से सक्ती के लिए निकला था जो सक्ति से विष्णु पेट्रोल पंप के मालिक आंनद अग्रवाल से नगदी 15,66,200 रूपये एवं ठठारी से बंशीधर हार्डवेयर के मालिक कैलाश कुमार देवांगन से नगदी 452500 रूपये कुल 2018700 रूपये को एकत्र कर वापस चाम्पा की ओर आ रहा था। वह दोपहर करीबन 3.30 बजे ग्राम कोसमंदा मेन रोड तालाब के पास पहुंचा था उसी समय काले रंग की कार जिसका नंबर सीजी 11 बीएन 13 दिख रहा था आखिरी दो नंबर पर कागज चिपका हुआ था। उसी कार में सवार व्यक्तियों ने हरीश के आंख पर मिर्ची पावडर जैसा कोई पदार्थ फेंक दियें जिसके कारण आंखों में जलन होने पर मोटर सायकल को खड़ी कर वह अपने आंख को साफ करने लगा इसी समय तीन व्यक्ति कार से उतर कर इसके बैग को छिन रहें थे तब यह शोर मचाने लगा और छिनने से मना करने लगा तब तीनो व्यक्तियों के द्वारा हरीश को जबरन पकड़कर कार के अंदर बैठा दियें और उसके मोबाईल को छीन लियें उसके बाद कार में बैठाकर डरा धमका कर मारपीट करते हुए रात्रि करीबन 9 बजे मैनपाट सेल्फी पाइंट के पास ले जाकर हरीश को धक्का देकर गिरा दिये, जिसके कुछ देर बाद आरोपीगण वहां से भाग गये।

### गन्दगी फैलाने वाले धीरेन्द्र स्वीट्स पर किया गया 10000 का जुर्माना

**रायपुर।** रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार और नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणीग्रही और जोन 10 जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 10 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन 10 क्षेत्र वार्ड क्रमांक 55 क्षेत्र अंतर्गत मोती नगर में धीरेन्द्र स्वीट्स की स्वच्छता का औचक निरीक्षण जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक यशवंत बेरिहा एवं अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में प्राप्त जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने किया गया. औचक निरीक्षण के दौरान भानजी भाई मिठाई फैक्ट्री में गन्दगी पायी गयी और प्राप्त जनशिकायत स्थल पर सही पायी गयी.

---

**जल संसाधन विभाग के कामकाज की उच्च स्तरीय समीक्षा की**

# ग्रामीण किसानों की समृद्धि के लिए सिंचाई परियोजनाओं का सुदृढ़ होना आवश्यक है..

- लंबे समय से अधूरे सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण करने को लेकर मुख्यमंत्री सख्त

रायपुर/ संवाददाता



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागीय कार्यों, संचालित परियोजनाओं तथा प्रस्तावित सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में लगातार बड़े निर्णय ले रही है और किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की दिशा में हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्देश दिए कि लंबे समय से लंबित परियोजनाओं को अटल सिंचाई योजना में शामिल किया गया है, इन्हें समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगामी तीन वर्षों में पूर्ण की जाने वाली परियोजनाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में किसानों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। खेती के बढ़ते रकबे और किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सिंचाई परियोजनाओं का सुदृढ़ होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट की कोई कमी नहीं है और इसके लिए पृथक बजटीय प्रावधान किया गया है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से प्रदेश में सिंचित रकबा बढ़ेगा और किसानों की उपज में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

---

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से रोशन हुआ तिल्दा निवासी कमल का घर

- जिस गर्मी में बिजली बिल छूता था आसमान अब हुआ जीरो
- इस क्रांतिकारी योजना के लिए जताया प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार

रायपुर/ संवाददाता

गर्मियों में बिजली बिल आसमान छूने लगता है जो सामान्य मौसम में 12 से 15 सौ आता है वह कभी 3 हजार से भी अधिक होता है। आम उपभोक्ता जो गर्मी से परेशान तो होता ही है उसके बाद बिजली बिल में अधिक खर्च कर और ज्यादा परेशान हो जाता है अब शासन की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से यह परेशानी दूर हो रही है। तिल्दा के वार्ड 13 निवासी श्री कमल किशोर साहू इस योजना को अपनाकर, गर्मी में बिजली बिल से छुटकारा पा चुके हैं 7 साथ ही अतिरिक्त बिजली उत्पादन को ग्रिड में डिपॉजिट कर आने वाले महीने बिजली बिल में भी छूट पा रहे है। कमल बताते हैं कि इस योजना के तहत अप्रैल 2025 में उनके घर की छत पर 3 ह्व2 का सोलर प्लांट इंस्टाल हुआ तथा इसके लिए सरकार से सब्सिडी भी प्राप्त हुई, जिससे यह व्यवस्था किफायती बन गई। उनके एसी, कूलर और अन्य बिजली उपकरण होने के बावजूद भी उन्हें बिजली के लिए अब एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ रहा। उन्होंने बताया कि मई 2025 से उनका बिजली बिल शून्य हो गया। साहू ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा, यह योजना अब धरातल पर उतर रही है और हमारा परिवार इसका प्रत्यक्ष लाभ उठा रहा है।उन्होंने जिलेवासियों से आह्वान किया कि वे भी इस योजना का लाभ लें क्योंकि यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि आर्थिक रूप से भी लाभकारी है।गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर घरेलू सौर ऊर्जा प्रणाली को प्रोत्साहित कर रही हैं। केंद्र सरकार 78 हजार तथा राज्य सरकार 30 हजार रुपए तक की सब्सिडी प्रदान कर रही है।

### चना-मसूर-सरसों पर मूल्य समर्थन योजना प्रस्तावों को केंद्र की मंजूरी

**रायपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम के साथ आज नई दिल्ली स्थित 12, सफ्दरजंग रोड पर अपने आधिकारिक आवास पर भेंट की। बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र की प्रगति, रबी फसल वर्ष 2025-26 की तैयारियों तथा किसानों को मूल्य समर्थन उपलब्ध कराने से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की योजनाओं का प्रभावी एवं तीव्र क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, जिससे किसानों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से छत्तीसगढ़ के किसान भाई-बहनों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा, जिससे वे और अधिक उत्साह के साथ कृषि कार्य कर सकेंगे। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। बैठक के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री ने राज्य में रबी फसल वर्ष 2025-26 तथा न्यूनतम समर्थन मूल्य से जुड़ी मूल्य समर्थन योजना की प्रगति की समीक्षा की ।

---

# प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने एससी-एसटी संचालनालय का किया औचक निरीक्षण



- मंत्रालय से इंद्रावती भवन पैदल पहुंचकर जानी जमीनी हकीकत
- होलिस्टिक एप्रोच और टीम भावना के साथ कार्य करने पर दिया जोर

रायपुर/ संवाददाता

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने आज मंत्रालय से इंद्रावती भवन तक पैदल पहुंचकर एससी-एसटी संचालनालय का औचक निरीक्षण किया और विभागीय योजनाओं एवं कार्यों के संबंध में जानकारी ली। श्री बोरा ने अधिकारियों को होलिस्टिक एप्रोच (समग्र दृष्टिकोण) और टीम भावना के साथ कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के कार्यों में सहयोग से न केवल कार्यालय में सकारात्मक वातावरण बनेगा, बल्कि विजन 2047 के अनुरूप विकसित भारत के लक्ष्य में विभाग महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन में पारदर्शिता, कार्यकुशलता और उत्तरदायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसे सुनिश्चित करने के लिए विभाग में सभी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने आधारबेस बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली का अनिवार्य रूप से पालन कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समयावधि में जवाबदेही के साथ अपने कार्य को पूर्ण करें। उन्होंने इस दौरान कलेक्टर कॉन्फ्रेंस अनुपालन प्रतिवेदन, महिला सशक्तिकरण योजनाएं, विजन डॉक्यूमेंट 2047 का प्रेजेंटेशन तथा विभागीय प्रशासनिक प्रतिवेदन की समीक्षा की। साथ ही राज्यपाल के बजट अभिभाषण अंतर्गत योजनाओं और विभागीय बजट व्यय पर भी चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने पीएम जनमन योजना अंतर्गत एमपीसी निर्माण, धरती आबा योजना के तहत छात्रावास-कक्षा भवन निर्माण, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना तथा लंबित न्यायालयीन प्रकरणों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागीय वेबसाइट को नियमित रूप से अपडेट करने तथा गतिविधियों, निविदाओं एवं फोटो गैलरी को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त सचिव श्री बी.के.राजपूत, श्री अनुपम त्रिवेदी, अपर संचालक श्री संजय गौड़, श्री जितेन्द्र गुप्ता, श्री आर. एस. भोई, वित्त नियंत्रक श्री लाजरूस मिंज, कार्यपालन अभियंता श्री त्रिदीप चक्रवर्ती, अपर कलेक्टर श्रीमती बबली कुजूर, उपायुक्त श्री प्रज्ञान सेठ, श्री एल.आर. कुर्रे, श्रीमती मेनका चंद्राकर, श्री विश्वनाथ रेडडी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

**पहुंचविहीन ग्रामों में राशन पहुंचाकर वितरण कराने के दिए निर्देश**

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने की नारायणपुर में नियद नेल्लानार क्षेत्रों के विकास कार्यों की समीक्षा

- नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र
- पुनर्वासित माओवादियों को 9.50 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि का किया वितरण

रायपुर/ संवाददाता




उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा एवं वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप द्वारा गुरुवार को नारायणपुर जिला पंचायत के सभा कक्ष में जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित नियद नेल्लानार योजनांतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने नियद नेल्लानार योजना क्षेत्र के सरपंचों से सीधा संवाद कर गांव के विकास संबंधित जानकारी ली और इन क्षेत्रों में विकास कार्यों को समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास, जॉब कार्ड, पेंशन योजना आदि की उपलब्धता के संबंध में पंचायत प्रतिनिधियों एवं सरपंचों से जानकारी ली और सरकार की योजनाओं को गांव के हर व्यक्ति तक पहुंचाये जाने हेतु अपील की। उन्होंने जिले में नियद नेल्लानार योजनांतर्गत आवास निर्माण की समीक्षा करते हुए श्री शर्मा ने प्रगतिरत आवासों को भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जनप्रतिनिधियों से आव्हान करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास एवं शांति के लिए आगे आकर कार्य करें। किसी भी प्रकार की कोई समस्या होने पर उसके निराकरण के लिए प्रशासन को अवगत कराएं ताकि समय पर निराकरण किया जा सके। उन्होंने जिस भी गांव के व्यक्ति नक्सल संगठनों से जुड़े थे उन्हें पुनर्वास कर शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को जंगलों के संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए समूह बनाकर इसकी सुरक्षा करने को कहा। उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि नियद नेल्लानार क्षेत्र के सभी गांवों में बिजली उपलब्ध कराने निर्देशित किया। उन्होंने अबुझमाड़ क्षेत्र के पहुंचविहीन गांवों में राशन पहुंचाकर समय पर सभी ग्रामीणों को वितरण कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने स्कूल, आंगनबाड़ी, आश्रम छात्रावास, पेयजल, मोबाईल टावर, कृषि आदि विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## संपादकीय

# ऑनलाइन -क्यों नहीं रुक पा रही साइबर ठगी?

पिछले कुछ वर्षों में साइबर धोखाधड़ी का जाल इतना व्यापक हो गया है कि कब कौन ठगी का शिकार हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। जिस तेजी से इस तरह के मामले बढ़ रहे हैं, वह गंभीर चिंता का विषय है। सवाल है कि आधुनिक तकनीक के इस दौर में साइबर ठगी पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? जालसाजी में फंसकर लोगों के जीवन भर की जमा पूंजी हाथ से निकल जाती है। 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे मामलों में तो पीड़ित को मानसिक यातना भी झेलनी पड़ती है।इस तरह के अपराधों पर लगाम लगाने के प्रयासों के तहत केंद्र सरकार ने गृह मंत्रालय के विशेष सचिव की अगुआई में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई है। साथ ही यह भी कहा है कि 'डिजिटल अरेस्ट' से संबंधित सभी मामलों की जांच अब सीबीआइ करेगी। मगर, सरकार का यह कदम तभी कारगर साबित होगा, जब साइबर धोखेबाजों को किसी वारदात को अंजाम देने से पहले ही रोक दिया जाए।गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने अपने एक आदेश में 'डिजिटल अरेस्ट' की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा था कि सरकार को इससे निपटने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। दरअसल, देश में आनलाइन लेन-देन बढ़ने के साथ ही साइगर ठगी के मामलों में भी बढ़ोतरी हुई है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि आम नागरिक और खासकर बुजुर्ग नई तकनीक और आनलाइन जोखिम से अनजान हैं। जरा सी चूक होने पर लाखों रुपए जालसाजों के हाथ में चले जाते हैं। चिंता की बात यह है कि साइबर धोखाधड़ी के लिए आए दिन नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि आम लोगों को डिजिटल साक्षरता के जरिए व्यापक स्तर पर जागरूक किया जाए। मसला सिर्फ इस तरह के मामलों की जांच का नहीं है, बल्कि जरूरत इस बात की है कि अपराध होने से पहले ही उसे रोक दिया जाए। जब तक साइबर अपराधियों की धर-पकड़ के लिए मजबूत तंत्र स्थापित नहीं किया जाएगा, तब तक इस ऐसे मामलों पर पूरी तरह रोक लगा पाना संभव नहीं हो पाएगा।

**विपक्षी दलों के लिए यह परिणाम आत्ममंथन का विषय बन गया है। ठाकरे और पवार नाम जो कभी महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे मजबूत ब्रांड माने जाते थे, वह इस चुनाव में अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखा सके। कई स्थानों पर उनकी पार्टियों को न केवल सीटों का नुकसान हुआ बल्कि कार्यकर्ताओं का मनोबल भी प्रभावित हुआ। महाराष्ट्र में हुए नगरपालिका चुनाव 2026 के नतीजों ने राज्य की राजनीति में एक नया मोड़ ला दिया है। इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा व्यापक प्रदर्शन किया है जिसने दशकों से मजबूत माने जाने वाले राजनीतिक नामों और परिवारों की पकड़ को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है। महानगरों से लेकर छोटे शहरों तक भाजपा की जीत ने यह संकेत दे दिया है कि मतदाता अब परंपरागत पहचान से अधिक शासन और विकास के मुद्दों को महत्व दे रहे हैं।**

# महाराष्ट्र के शहरी मतदाताओं ने आखिरकार पुराने धुरंधरों की हवा क्यों निकाल दी?

(नीरज कुमार दुबे)

इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा बृहन्मुंबई महानगरपालिका को लेकर रही। यह नगर निकाय न केवल देश का सबसे बड़ा नगर निकाय है बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति का भी केंद्र माना जाता है। लंबे समय से यहां ठाकरे परिवार के नेतृत्व वाली राजनीति का दबदबा रहा है। लेकिन इस बार के नतीजों में भाजपा ने मजबूत बढ़त बनाकर यह स्पष्ट कर दिया कि मुंबई की राजनीतिक हवा बदल रही है। भाजपा की यह सफलता केवल सीटों की संख्या तक सीमित नहीं रही बल्कि उसने मनोवैज्ञानिक बढ़त भी हासिल की है।

मुंबई के अलावा पुणे और पिंपरी चिंचवड़ जैसे शहरों में भी भाजपा का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। ये क्षेत्र पारंपरिक रूप से पवार परिवार के प्रभाव वाले माने जाते रहे हैं। यहां राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगियों का लंबे समय तक नियंत्रण रहा है। लेकिन इस चुनाव में भाजपा ने इन गढ़ों में सेंध लगाकर यह साबित कर दिया कि उसका संगठनात्मक विस्तार और जमीनी रणनीति अब पूरे राज्य में असर दिखा रही है।

नागपुर, नाशिक और अन्य प्रमुख नगर निकायों में भी भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने स्पष्ट बहुमत या मजबूत स्थिति हासिल की है। इन नतीजों से यह संकेत मिलता है कि शहरी मतदाता भाजपा के विकास आधारित प्रचार और नेतृत्व से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता और डिजिटल सेवाओं जैसे मुद्दे चुनाव के दौरान प्रमुखता से उठे और मतदाताओं ने इन्हीं आधारों पर मतदान किया।

चुनाव परिणाम आने के बाद सत्तारुढ़ दल की ओर से इसे जनता का विश्वास बताया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि यह जीत सुशासन, पारदर्शिता और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। महायुति के नेताओं ने कहा कि शहरी मतदाता अब जाति या परिवार आधारित राजनीति से आगे बढ़कर परिणाम आधारित राजनीति को तरजीह दे रहा है।

वहीं विपक्षी दलों के लिए यह परिणाम आत्ममंथन का विषय बन गया है। ठाकरे और पवार नाम जो कभी महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे मजबूत ब्रांड माने जाते थे, वह इस चुनाव में अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखा सके। कई स्थानों पर उनकी पार्टियों को न केवल सीटों का नुकसान हुआ बल्कि कार्यकर्ताओं का मनोबल भी प्रभावित हुआ है। राजनीतिक





विश्लेषकों का मानना है कि यह स्थिति केवल एक चुनावी हार नहीं है बल्कि बदलते सामाजिक और राजनीतिक रुझानों का संकेत है।

विशेषज्ञों के अनुसार भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में शहरी क्षेत्रों में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत किया है। नए मतदाताओं, युवा वर्ग और मध्यम वर्ग को लक्षित कर पार्टी ने योजनाबद्ध तरीके से प्रचार किया। सोशल मीडिया माध्यमों से स्थानीय मुद्दों को उठाया गया और जमीनी संपर्क के जरिए पार्टी ने अपनी उपस्थिति को मजबूत किया। इसका सीधा असर चुनाव नतीजों में देखने को मिला है।

वहीं पवार परिवार के प्रभाव वाले क्षेत्रों में हालांकि कुछ जगहों पर विपक्ष ने सम्मानजनक प्रदर्शन किया लेकिन कुल मिलाकर उनकी पकड़ कमजोर पडती दिखी। पुणे और आसपास के क्षेत्रों में जो कभी उनका मजबूत आधार माने जाते थे वहां भी मतदाताओं का रुझान बदलता नजर आया। यह बदलाव बताता है कि स्थानीय मुद्दों पर सक्रियता और निरंतर संपर्क अब चुनाव जीतने में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं।

इन चुनावों ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए यह परिणाम एक संकेत के रूप में देखे जाएंगे। भाजपा के लिए यह जीत आत्मविश्वास बढ़ाने वाली है जबकि विपक्ष के लिए यह चेतावनी है कि यदि रणनीति और नेतृत्व में बदलाव नहीं किया गया तो भविष्य की राह और कठिन हो सकती है।

कुल मिलाकर महाराष्ट्र नगरपालिका चुनाव 2026 ने राज्य की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत का संकेत दिया है। यह चुनाव केवल नगर निकायों के गठन तक सीमित नहीं रहा बल्कि इसने यह दिखा दिया कि महाराष्ट्र का शहरी मतदाता अब अधिक सजग और मांग करने वाला हो गया है। विकास सुशासन और स्थिर नेतृत्व जैसे मुद्दे अब राजनीति के केंद्र में आ चुके हैं और इन्हीं के आधार पर आने वाले वर्षों की राजनीति की दिशा तय होती नजर आ रही है।

देखा जाये तो महाराष्ट्र के नगरपालिका चुनाव राज्य की राजनीति के बदलते चरित्र का स्पष्ट संकेत भी हैं। इन नतीजों ने यह सवाल सामने खड़ा कर दिया है कि क्या परंपरागत राजनीतिक पहचान और पारिवारिक प्रभाव अब शहरी राजनीति में अपना असर खोते जा रहे हैं। चुनाव परिणामों से यही प्रतीत होता है कि मतदाता अब नाम नहीं बल्कि काम को प्राथमिकता देने लगे हैं। शहरी क्षेत्रों में रहने वाला मतदाता आज अधिक सजग है। वह सड़क, पानी, सफाई, परिवहन और डिजिटल सेवाओं जैसे रोजमर्रा के मुद्दों पर सीधा जवाब चाहता है। ऐसे में जो दल इन विषयों पर स्पष्ट योजना और क्रियान्वयन की बात करता है उसे स्वाभाविक रूप से लाभ मिलता है। इस चुनाव में यही रुझान साफ दिखाई दिया। मतदाताओं ने भावनात्मक अपील से अधिक प्रशासनिक क्षमता को महत्व दिया। विपक्षी दलों के लिए यह समय आत्ममंथन का है। लंबे समय तक जिन नामों और विरासतों के सहारे राजनीति चलती रही अब वे अकेले जीत की गारंटी नहीं रहे। संगठन की कमजोरी, जमीनी संपर्क की कमी और बदलते मतदाता वर्ग को न समझ पाना इन दलों के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभरा है। यदि समय रहते रणनीति में बदलाव नहीं किया गया तो यह दूरी और बढ़ सकती है। इन चुनावों का एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि शहरी लोकतंत्र में प्रतिस्पर्धा मजबूत हुई है। मतदाता यह संदेश दे रहा है कि सत्ता स्थायी नहीं है और हर चुनाव में प्रदर्शन की कसौटी पर खरा उतरना होगा। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है क्योंकि इससे जवाबदेही बढ़ती है और स्थानीय शासन की गुणवत्ता में सुधार की संभावना बनती है। आगामी चुनावों की दृष्टि से ये नतीजे एक पूर्व संकेत की तरह हैं। जो दल इन संकेतों को समझकर अपनी नीतियों और संगठन को मजबूत करेगा वही भविष्य में टिक पाएगा। राजनीति अब केवल नारों से नहीं चलेगी बल्कि ठोस काम और भरोसेमंद नेतृत्व ही मतदाताओं का विश्वास जीत सकेगा।

बहरहाल, महाराष्ट्र के नगरपालिका चुनाव यह बता गए हैं कि राजनीति का केंद्र बदल रहा है। जनता अब सवाल पूछ रही है और जवाब मांग रही है। यही लोकतंत्र की असली ताकत है और यही आने वाले समय की राजनीति की दिशा तय करेगी।

# दुख से भागो मत, उसे समझो....

(सुंदरचंद ठाकुर)

मनुष्य के जीवन में दुख कोई नई घटना नहीं है। वह हर युग में रहा है, हर समाज में रहा है और हर व्यक्ति के भीतर किसी न किसी रूप में उपस्थित रहा है। फिर भी आज का मनुष्य दुख से सबसे अधिक घबराया हुआ दिखाई देता है। वह दुख से भागना चाहता है, उसे दबाना चाहता है, उससे बच निकलना चाहता है। पर सच यह है कि हम दुख से भागते नहीं, हम उसे समझना नहीं चाहते। जब दुख आता है, तो हम तुरंत उसका समाधान खोजने लगते हैं। कोई कहता है कि खुद को व्यस्त रखो, कोई कहता है कि सकारात्मक सोचो, कोई कहता है कि समय सब ठीक कर देगा। पर बहुत कम लोग यह कहते हैं कि दुख को थोड़ी देर बैठकर देखो। उसे महसूस करो। उससे यह पूछो कि तुम क्यों आए हो। क्योंकि दुख केवल पीड़ा नहीं होता, वह एक संदेश भी होता है।

दुख तब जन्म लेता है, जब जीवन हमारी अपेक्षाओं के अनुसार नहीं चलता। हम चाहते हैं कि लोग वैसा व्यवहार करें जैसा हमने सोचा था। हम चाहते हैं कि मेहनत का फल तुरंत मिले। हम चाहते हैं कि रिश्ते कभी न बदलें। और जब जीवन इन चाहतों को पूरा नहीं करता, तो भीतर एक कसक उठती है। यही कसक दुख का पहला रूप है। समस्या दुख में नहीं, हमारी प्रतिक्रिया में है। हम दुख को कमजोरी मान लेते हैं। हम उसे छिपाने की कोशिश करते हैं। हम मुस्कराते चेहरे के पीछे अपने आंसुओं को दबा देते हैं। धीरे धीरे यह दबा हुआ दुख भीतर जमा होने लगता है और एक दिन थकान, चिड़चिड़ाहट या निराशा के रूप में फूट पड़ता है।

यदि हम ईमानदारी से देखें, तो दुख हमें रोकने आता है। वह कहता है कि ठहरो। कुछ गलत दिशा में चल रहा है। कुछ भीतर अनसुना रह गया है। दुख आत्मा की वह आवाज़ है, जो हमें खुद की ओर लौटने के लिए बुलाती है। पर हम उस आवाज़ को सुनने के बजाय शोर बढ़ा देते हैं। जो व्यक्ति अपने दुख को समझने लगता है, वह धीरे धीरे उसके पार चला जाता है। समझ का अर्थ समाधान नहीं होता। समझ का अर्थ है स्वीकार। जब हम यह स्वीकार कर लेते हैं कि हां, इस समय मैं दुखी हूं, और इसके पीछे कारण हैं, तब दुख अपनी तीव्रता खोने लगता है। वह स्थायी नहीं रह पाता।

दुख को समझने का एक सरल मार्ग है साक्षी बनना। इसका अर्थ है अपने दुख को देखना, बिना उसे अच्छा या बुरा कहे। जैसे कोई बादल आकाश में आता है और चला जाता है, वैसे ही दुख भी आता है और जाता है। पर आकाश कभी दुखी नहीं होता। जब हम स्वयं को आकाश की तरह देखने लगते हैं, तब दुख बादल बन जाता है, हमारी पहचान नहीं। समाज ने हमें यह सिखाया है कि मजबूत वही है जो कभी न टूटे। पर सच्चाई यह है कि मजबूत वही है जो टूटने को समझ ले। जो अपने दुख से लड़े नहीं, बल्कि उसे



समझदारी से देखे। ऐसा व्यक्ति भीतर से परिपक्व हो जाता है। उसमें करुणा आती है। वह दूसरों के दुख को भी हल्के में नहीं लेता।

आध्यात्मिक दृष्टि से दुख अज्ञान का परिणाम है। हम स्वयं को केवल शरीर और मन मान लेते हैं। जब शरीर थकता है या मन निराश होता है, तो हम कहते हैं कि मैं दुखी हूं। पर जो देख रहा है, वह दुखी नहीं होता। देखने वाला शांत रहता है। यही पहचान धीरे धीरे दुख को कम करती है। शायद जीवन हमें यही सिखाना चाहता है कि हर अनुभव को समझ के साथ जिया जाए। सुख को पकड़कर नहीं, दुख से भागकर नहीं।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।


# साल 2025 क्यों बना अब तक का सबसे गर्म ला नीना वर्ष?

**साल 2025 में पृथ्वी की 9.1 फीसदी सतह ने अब तक का सबसे अधिक वार्षिक औसत तापमान दर्ज किया। इसमें 10.6 फीसदी भूभाग ऐसे रहे जहां रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ी, जबकि 8.3 फीसदी महासागरीय क्षेत्र भी अपने इतिहास के सबसे गर्म स्तर तक पहुंच गए। साल 2025 जलवायु इतिहास में एक ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज हुआ है, जिसने वैज्ञानिकों की दशकों पुरानी समझ को भी चुनौती दे दी। जिस ला नीना को आमतौर पर वैश्विक तापमान को कुछ हद तक संतुलित करने वाली ठंडी जलवायु अवस्था माना जाता है, उसी की मौजूदगी में धरती ने असामान्य और रिकॉर्ड तोड़ गर्मी झेली। बर्कले अर्थ के विस्तृत विश्लेषण के अनुसार 2025 न केवल रिकॉर्ड में तीसरा सबसे गर्म वर्ष रहा, बल्कि अब तक का सबसे गर्म ला नीना वर्ष भी साबित हुआ। इस गर्मी का सीधा असर दुनिया की करीब 77 करोड़ आबादी पर पड़ा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में अब तक का सबसे गर्म साल अनुभव किया।**

(संजय पांडे)

आखिर क्या है ला नीना और इससे क्या उम्मीद की जाती है? ला नीना, अल नीनो दक्षिणी दोलन यानी ईएनएसओ प्रणाली की ठंडी अवस्था है। यह भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र सतह के सामान्य से ठंडा होने के कारण बनती है। परंपरागत रूप से इसका असर यह होता है कि वैश्विक औसत तापमान में कुछ हद तक गिरावट आती है,खासकर तब जब इससे पहले अल नीनो जैसी गर्म अवस्था सक्रिय रही हो। इसी कारण वैज्ञानिकों को उम्मीद थी कि 2025 में गर्मी का दबाव कुछ कम होगा। 2025 में यह उम्मीद क्यों टूट गई?

बर्कले अर्थ की ग्लोबल टेम्परेचर रिपोर्ट 2025 बताती है कि साल की शुरुआत और अंत दोनों ही चरणों में ला नीना की स्थिति मौजूद थी। दिसंबर 2024 में यह विकसित हुई और मार्च 2025 तक बनी रही। अप्रैल में हालात तटस्थ हुए, जबकि सितंबर 2025 में ला नीना ने दोबारा वापसी की। इसके बावजूद धरती का औसत तापमान सामान्य से 1.44 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। यह स्तर 2024 और 2023 के बाद तीसरा सबसे ऊंचा है। यानी जिस ला नीना से ठंडक की उम्मीद थी, वह इस बार वैश्विक गर्मी को रोक पाने में लगभग असफल रहा। वैज्ञानिक इसे संकेत मानते हैं कि अब वैश्विक तापमान केवल ईएनएसओ जैसे प्राकृतिक चक्रों से नियंत्रित नहीं हो रहा। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि 2025 में पृथ्वी की 9.1 फीसदी सतह ने अब तक का सबसे अधिक वार्षिक औसत तापमान दर्ज किया। इसमें 10.6 फीसदी भूभाग ऐसे रहे जहां रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ी, जबकि 8.3 फीसदी महासागरीय क्षेत्र भी अपने इतिहास के सबसे गर्म स्तर तक पहुंच गए। खास बात यह रही कि यह गर्मी उन क्षेत्रों में ज्यादा केंद्रित रही जहां दुनिया की बड़ी आबादी रहती है, जिससे इसके सामाजिक, स्वास्थ्य और आर्थिक असर और गंभीर हो गए। बर्कले अर्थ के अनुसार दुनिया की करीब 8.5 फीसदी आबादी यानी लगभग 77 करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में रहते हैं जहां 2025 अब तक का सबसे गर्म वर्ष रहा। इसका सबसे बड़ा प्रभाव एशिया में देखा गया। वैज्ञानिकों के लिए यह तथ्य इसलिए भी अहम है क्योंकि दुनिया के किसी भी हिस्से में 2025 को रिकॉर्ड का सबसे ठंडा साल नहीं पाया गया। यह वैश्विक स्तर पर गर्मी के असंतुलन को दर्शाता है। कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस और बर्कले अर्थ दोनों के विश्लेषण इस बात पर सहमत हैं कि पिछले 11 साल रिकॉर्ड में दर्ज 11 सबसे गर्म साल रहे हैं। इनमें 2023, 2024 और 2025 अब तक के तीन सबसे गर्म वर्ष साबित हुए। विश्व मौसम विज्ञान संगठन यानी डब्ल्यूएमओ के अनुसार 2025 पिछले 176 वर्षों के



जलवायु इतिहास के तीन सबसे गर्म वर्षों में शामिल है। इस दौरान वैश्विक सतही औसत तापमान औद्योगिक काल (1850-1900) से पहले की तुलना में 1.44 (-0.13) डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

डब्ल्यूएमओ के अनुसार 2023, 2024 और 2025 इन तीनों वर्षों का औसत तापमान औद्योगिक काल से पहले की तुलना में 1.48 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। यह आंकड़ा 1.5 डिग्री सेल्सियस की उस सीमा के बेहद करीब है, जिसे पार करना जलवायु संतुलन के लिए गंभीर खतरा माना जाता है। कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस के मुताबिक 2023 से 2025 के बीच का औसत तापमान इस सीमा को अस्थायी रूप से पार भी कर चुका है। गर्मी का सबसे खतरनाक संकेत महासागरों से मिला। एडवांसेज इन एटमोस्फियरिक साइंसेज में प्रकाशित अध्ययन बताता है कि 2025 में महासागरों में जमा ऊष्मा रिकॉर्ड स्तर के करीब रही। 2024 से 2025 के बीच समुद्र की ऊपरी 2000 मीटर परत में करीब 23 जेटाजूल अतिरिक्त गर्मी जमा हुई। दुनिया के लगभग 33 फीसदी महासागर क्षेत्र अपने इतिहास के तीन सबसे गर्म वर्षों में शामिल रहे, जबकि 57 फीसदी क्षेत्र शीर्ष पांच सबसे गर्म स्थितियों में पाए गए।उष्णकटिबंधीय अटलांटिक, भूमध्य सागर, उत्तर हिंद महासागर और दक्षिणी महासागर इस गर्मी से सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। वैज्ञानिक किस बात से सबसे ज्यादा चिंतित हैं? वैज्ञानिकों का कहना है कि 2023 से 2025 के बीच तापमान में आई तेज छलांग यह संकेत देती है कि अब भविष्य की गर्मी का अनुमान केवल पुराने रुझानों या प्राकृतिक चक्रों के आधार पर नहीं लगाया जा सकता। कुछ नए, जटिल और अब भी पूरी तरह समझ में न आए कारक हाल के वर्षों में तापमान को तेजी से बढ़ा रहे हैं। ला नीना जैसी ठंडी जलवायु घटनाओं के बावजूद धरती और महासागरों का लगातार तपना यह साफ संकेत देता है कि जलवायु संकट अब कोई अस्थायी या असाधारण स्थिति नहीं रहा। वैज्ञानिकों की नजर में यह अब न्यू नॉर्मल बनता जा रहा है। एक ऐसी वास्तविकता, जहां अत्यधिक गर्मी भविष्य की चेतावनी नहीं, बल्कि वर्तमान का स्थायी सच बनती जा रही है।

# जल संसाधन विभाग में अधिकारी ही बने ठेकेदार

■ मटेरियल और लेबरों का कर रहे नगद भुगतान




**भानुप्रतापपुर।** जल संसाधन विभाग में पदस्थ एसडीओ और सब इंजीनियर खुद ही ठेकेदार बन कर निर्माण और मरम्मत कार्य करवा रहे है। जनकपुर के ग्रामीणों को जब महीनों से भुगतान नहीं मिला तो मजदूरों ने एसडीएम कार्यालय व एसडीओ जल संसाधन को ज्ञापन सौप कर भुगतान करने की मांग की। मीडिया में खबरे आने के बाद आनन-फ़ानन में मजदूरों का नगद भुगतान कराया गया और पावती ली गई। इसके बाद मुल्ला व मिर्चिपरा से भी मजदूरी भुगतान लम्बित होने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग के अधिकारियों ने नगद भुगतान का आश्वासन देकर मरम्मत कार्य कराया था मगर अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। कई बार भुगतान को लेकर अधिकारियों से संपर्क किया गया मगर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला वे कार्यालय में मिलते भी नहीं। अब सोचने वाली बात यह है कि किस मद से यह कार्य कराया गया है जिसमे नगद भुगतान का प्रावधान है? वहीं अधिकारी खुद इन कार्यों में रुचि लेकर स्वयं जाकर नगद भुगतान क्यों कर रहे है?

मुल्ला के आश्रित ग्राम मिर्चिपरा के दिलीप कोरेटी एवं चिंताराम ने बताया कि जल संसाधन विभाग के लाटिया एवं यादव के द्वारा केनाल को बाँधने एवं मरम्मत करने तथा पुलिया की मरम्मत के लिए बोला गया था। 250 रुपये रोजी नगद देने की बात कही गई थी जिसमे मुल्ला एवं पीछेकट्टा के 28 लोगों ने 2 दिन काम किया जिसकी कुल मजदूरी 16 हज़ार के लगभग है। 6 महीने बीतने के बावजूद अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इसके साथ ही मनरेगा के तहत वाटर कोर्स लाइनिंग का भी कार्य इस जगह पर होना था जिसके लिए मटेरियल गिराया गया पर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि एक दिन जेसीबी लगाकर छिंद पेड़ को गिराया गया और कुछ मुरुम खोदा गया जिसे ट्रैक्टर से ढुलाया गया है, उसके बाद से काम बंद है। स्थल पर अभी भी गिट्टी और रेत पड़ी हुई है तथा एक कच्ची नाली का निर्माण भी हुआ है। मरम्मत का कार्य मनरेगा से होना था या इसके लिए कोई दूसरा बजट आया था इसकी जानकारी ग्रामीणों को भी नहीं दी गई, पर नगद भुगतान का आश्वासन विभाग के कर्मचारियों द्वारा ही दिया गया था।

**घोठा के पूर्व सरपंच को एसडीओ ने दी रेत की बकाया राशि** - ग्राम पंचायत घोठा के पूर्व सरपंच राम प्रसाद कावड़े ने बताया कि जल संसाधन विभाग के द्वारा मनरेगा के तहत ग्राम जनकपुर में नहर लाइनिंग व वाटर कोर्स लाइनिंग कार्य कराया जा रहा था, जिसके लिए एसडीओ साहब ने रेत की मांग की। उनके कहने पर मैंने और गांव के अन्य 4 व्यक्तियों द्वारा 70 ट्रिप रेत निर्माण स्थल पर डाला गया जिसमे 25 हज़ार नगद साहब के द्वारा एडवांस दिया गया था व शेष राशि 45000 रुपये अभी दिया गया है। इन बातों से साफ़ ज़ाहिर होता है कि विभाग के अधिकारी ही ठेकेदार बन कर निर्माण कार्य करवा रहे है और मोटी कमीशन कमा रहे है। इसी गाँव में मजदूरों का भुगतान भी लंबित था जिसे कुछ दिन पहले साहब के द्वारा नगद भुगतान कराया गया। जब कार्य मनरेगा के तहत कराया गया तो नगद भुगतान किस मद से किया जा रहा है यह भी जाँच का विषय है।

**जिस केनाल में करवाई मरम्मत वहाँ अब भी रिस रहा पानी** - ग्राम मिर्चिपरा में विभाग के द्वारा ग्रामीणों से नगद भुगतान का आश्वासन देकर जिस नहर में मरम्मत कार्य कराया गया है उसमे अभी भी पानी लीक हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई सालों से विभाग को नहर से पानी रिसने की शिकायत करते आ रहे है मगर उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मरम्मत भी कराई गई पर उससे कोई समाधान नहीं निकला। नहर में लीकेज होने से किसानो को सिंचाई हेतु पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है, लेकिन विभाग द्वारा हर साल राशि जमा करने के लिए समय पर उनको कागज भेज दिया जाता है। विभाग की इस लापरवाही से क्षेत्र के किसानो में आक्रोश व्याप्त है।

**एसडीओ जल संसाधन विभाग भानुप्रतापपुर : बीके कोडोपी**

मिर्चीपारा में मनरेगा के तहत कार्य होना था जो निरस्त हो गया है, उसके अलावा किस मरम्मत कार्य की बात हो रही है मेरी जानकारी में नहीं है।

**कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग कांकेर : धर्मेन्द्र मेश्राम**

अखबारों में समाचार प्रकाशित होने के आधार पर एसडीओ से जवाब मांगा गया था जिसे उच्च कार्यालय भेज दिया गया है। जैसा निर्देश प्राप्त होगा उसके तहत कार्यवाही की जाएगी। और नगद भुगतान के बारे में एसडीओ साहब ही बता पाएंगे।

# कापसी में रामलला के भव्य मंदिर निर्माण की नींव रखी गई, सनातनियों का उमड़ा जनसैलाब



**पखांजूर।** परलकोट अंचल का कापसी नगर सनातन संस्कृति और आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया, जब राम नाम के जयघोष के साथ पूरा शहर भक्तिरस में डूब गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और रामराज्य के प्रतीक स्वरूप रामलला के भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विक्रम देव उसेंडी ने विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन संपन्न कराया। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी परलकोट क्षेत्र के हजारों सनातनी श्रद्धालु, साधु-संत और कापसी नगरवासी बने।

कापसी नगर में सुबह से ही भक्तों का जमावड़ा शुरू हो गया था। नगर के प्रमुख मार्गों पर भगवा ध्वज लहराते नजर आए, वहीं चारों ओर जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर पहुंचीं, जबकि युवाओं और बुजुर्गों में भी विशेष उत्साह देखा गया। भूमि पूजन कार्यक्रम को विशेष बनाने में आरएसएस खंड सहसंयोजक चितरंजन मंडल एवं उनके सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर दर्शन के दौरान वे वहां से पवित्र मिट्टी, मंदिर निर्माण में प्रयुक्त अक्षय ईट तथा सरयू नदी का अमृत जल अपने साथ परलकोट लेकर आए थे।

इन्हीं पावन वस्तुओं को साक्षी मानकर कापसी में रामजन्मभूमि मंदिर की तर्ज पर इस मंदिर की नींव रखी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधु-संत, धर्मगुरु, सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, शंखनाद और रामधुन से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं होगा, बल्कि सनातन संस्कृति, मर्यादा, धर्म और रामराज्य के आदर्शों का प्रतीक बनेगा। आने वाले समय में यह मंदिर क्षेत्र में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का केंद्र बनेगा। भूमि पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने इसे सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का ऐतिहासिक क्षण बताया।

# निर्माणाधीन भवन में 11 केव्ही करंट की चपेट में आने से एक की मौत



**केशकाल।** केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहीगांव में गरिमा पब्लिक स्कूल के पीछे एक निर्माणाधीन भवन में काम करते वक्त 11 केव्ही विद्युत करंट की चपेट में आने से 45 वर्षीय अधेड़ शिवनाथ सेलर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही केशकाल पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए केशकाल मर्च्युरी भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस परिजनों के रिपोर्ट के आधार पर घटना की जांच में जुट गई है। उक्त भवन में कार्य कर रहे युवक मिथलेश यादव ने बताया कि मैं उस वक्त रेत लेने गया था। रेत लेकर जब भवन के ऊपर चढा तो देखा कि शिवनाथ बेहोश पड़ा हुआ है। जिस स्थान पर वह सेंट्रिंग बांध रहा था वहां से 11 केव्ही विद्युत लाईन गुजरी है। उसी तार में हाथ लगने से वह करंट की चपेट में आ गया था। हमने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पिता दुर्जनराम सेलर ने बताया कि शिवनाथ पिछले 1 महीने से बहीगांव के एक बिल्डिंग में मिस्त्री काम करता था। प्रतिदिन की तरह आज सुबह भी अपने गृहग्राम मससूकोकोड़ा से बहीगांव आया था। मुझे फोन के माध्यम से घटना की सूचना मिली तब मैं अस्पताल पहुंचा लेकिन तब तक डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। फिलहाल हमने केशकाल थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है।

## भाजपा स्पष्ट करे, क्या बीजापुर के कलेक्टर विपक्ष के कहने पर काम करता है?

# भाजपा अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए झूठे आरोप लगाना बंद करे : विक्रम मंडावी



**बीजापुर।** जिला मुख्यालय बीजापुर में विधायक विक्रम मंडावी ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बीजापुर से लेकर दिल्ली तक भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन की सरकारें हैं ऐसे में भारतीय जनता पार्टी बीजापुर के जिला अध्यक्ष घासीराम नाग का यह कहना कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस के कहने पर बीजापुर शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। घासीराम का यह बयान पूरी तरह झूठ, हास्यास्पद और मनगढ़ंत है। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने प्रेस वार्ता में आगे कहा कि दिशा की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के सांसद, नगरपालिका अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, पार्षद और तमाम भारतीय जनता पार्टी के नेता मौजूद थे, यदि मैंने ऐसा कोई बयान दिया था तो उस वक्त ये सभी भाजपा नेता विरोध क्यों नहीं कर रहे थे। विधायक ने अपने प्रेस वार्ता में स्पष्ट रूप से कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष से लेकर भाजपा के तमाम नेता अपनी ज़िम्मेदारी से बचने के लिए झूठे, मनगढ़ंत और भ्रामक बयान दे रहे है ताकि लोगों का ध्यान भटकाया जा सके। भारतीय जनता पार्टी के नेता और जनप्रतिनिधि चाहते तो जिला प्रशासन और पालिका की इस कार्यवाही को रोक सकते थे लेकिन वे इस मामले को राजनीतिक रंग दे रहे हैं। भाजपा के जिला अध्यक्ष का यह कहना कि कांग्रेस के 25 लोगों के नाम जमीन है। तो भाजपा उन 25 लोगों के नाम क्यों नही बता रही है? विधायक विक्रम मंडावी ने कहा एक ओर भाजपा नेता और ठेकेदार संजय लुंकड़ के द्वारा बीजापुर नगर में सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करने को छिपा रही है वहीं दूसरी ओर नक्सली पीड़ित, ग़रीब आदिवासियों और दिन रात नक्सलियों से लोहा लेने वाले डीआरजी के जवानों के मकानों पर अमानवीय बर्ताव करते हुए बुलडोजर चला रहे है, भाजपा सरकार की यही दोहरी नीति समझ से परे है। विधायक विक्रम मंडावी ने भारतीय जनता पार्टी से सवाल किया कि क्या भाजपा सरकार में विधायक कलेक्टर कार्यालय में बैठकर षड्यंत्र रच रहे हैं? क्या विधायक के बोलने मात्र से एक ही दिन में इतनी बड़ी कार्यवाही हो जाती है कि विधिवत रूप से मकान बनाकर रहने वाले लोगो के मकानों पर बुलडोजर कार्यवाही हो जाती है? ये ऐसे सवाल है जिनका जवाब भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को देना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका परिषद बीजापुर के मुख्यकार्यपालन अधिकारी ने भी स्वीकार किया की ये सब कार्यवाही चिकटराज समिति के कहने पर किया गया है और चिकटराज समिति ने इस कार्यवाही के बाद कलेक्टर बीजापुर से मिलकर आभार प्रकट किया है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा राज्य में भाजपा की सरकार है नगर पालिका चुनाव में भी स्वयं भाजपा जिला अध्यक्ष घासीराम नाग और पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी ने भी चट्टानपारा के लोगों को पट्टा देने की बात की थी तो फिर कार्यवाही क्यों? इस कार्यवाही से भाजपा सरकार और भाजपा नेताओं की हो रही किरकिरी से बचने के लिए भाजपा के लोग झूठी बयानबाज़ी करने में लगे हुए हैं। वर्तमान में चट्टानपारा के प्रभावित लोगों को मूलभूत सुविधाये पानी, बिजली जैसे सुविधाओं से भी वंचित किया जा रहा जो दुर्भाग्यजनक है। इसके साथ ही विधायक विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ग़रीब और पीड़ितों को न्याय मिलने तक उनके साथ खड़ी रहेगी। प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, पीसीसी सदस्य वेणुगोपाल राव, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, पुरुषोत्तम सल्लुर, बसंत हपका, कामेश मोरला, एजाज सिद्दीकी, रतन कश्यप, अंकित सिंह और राजकुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रमिक विरोधी श्रम संहिताओं की अधिसूचना के विरोध में 12 फरवरी को श्रमिक यूनियन करेगी हड़ताल



**किरंदुल।** केंद्र सरकार द्वारा नवंबर 2025 में लागू किए गए नए श्रम कानूनों को लेकर मजदूर संगठनों में भारी आक्रोश हैं। देश की 10 प्रमुख ट्रेड यूनियनों ने 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया हैं। इसी क्रम में बैलाडीला एनएमडीसी प्रबंधन को बुधवार एटक और इंटक यूनियनों द्वारा ज्ञापन सौंपकर बंद का नोटिस दिया गया। जिसमें ठेका मजदूरों के 2024 से लंबित वेतन समझौते, समान काम के लिए समान वेतन, न्यूनतम 26 हजार मासिक वेतन, निजीकरण का विरोध जैसे अहम मुद्दे शामिल हैं। एनएमडीसी किरंदुल कॉम्प्लेक्स के एसकेएमएस मजदूर संगठन के महासचिव राजेश सिंधु का कहना है कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार ऐसे कानून ला रही हैं जो मजदूरों को अलग-अलग वर्गों में बांटकर उनके अधिकार कमजोर कर रहे हैं। चार श्रम संहिताओं के माध्यम से स्थायी रोजगार, यूनियन अधिकार, हड़ताल का अधिकार और सामाजिक सुरक्षा जैसे मूलभूत अधिकारों पर सीधा हमला किया गया है। मनरेगा का उदाहरण इस स्थिति को और स्पष्ट करता है। योजना का नाम बदला गया, कार्यदिवस 100 से 125 किए गए, लेकिन भुगतान की जिम्मेदारी राज्यों पर डाल दी गई। जबकि सभी जानते हैं कि अधिकांश राज्य सरकारें पहले से ही वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। परिणामस्वरूप मजदूरों को समय पर मजदूरी नहीं मिलती और उनका जीवन और अधिक असुरक्षित हो जाता हैं।

# जगदगुरू शंकराचार्य को स्नान से रोकना भाजपा का हिन्दू विरोधी चरित्र : लालू राठौर



**बीजापुर।** कांग्रेस ने प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। खुद को हिंदुओं का मसीहा बताने वाली भाजपा सरकार हिंदु संतों का अपमान कर रही है और आज हालात यह हैं कि शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है और पिछले 60 घंटे से अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा हैं, लेकिन सरकार की ओर से अब तक शंकराचार्य से बातचीत का कोई प्रयास नहीं किया गया। शंकराचार्य का अपमान सनातन धर्म का अपमान है। उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर ने एक प्रेस बयान जारी कर कही है। लालू राठौर ने आगे कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक अखंड परंपरा है, भाजपा सरकार ने शंकराचार्य को स्नान से रोक कर सनातन परंपरा का अपमान किया है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार पिछले 12 वर्षों से केंद्र में सत्ता में है और हिंदुओं के नाम पर राजनीति करती रही है, लेकिन आज वही सरकार शंकराचार्य एवं उनके समर्थकों के साथ दुर्व्यवहार कर रही है, उनके शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि शाही स्नान जैसी सदियों पुरानी परंपरा को रोकने का दुस्साहस किसी सरकार को कैसे हुआ, जबकि इस परंपरा को न मुगलों ने रोका था और न ही अंग्रेजों ने रोका था। एक ओर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जेड-प्लस सुरक्षा दी जाती है, वहीं दूसरी ओर शंकराचार्य के समर्थकों के साथ मारपीट की जाती है। शंकराचार्य को उनकी पालकी पर जाने तक की अनुमति नहीं दी जाती। उन्होंने सवाल किया कि क्या मोहन भागवत शंकराचार्य से बड़े हो गए हैं? शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का अपराध केवल इतना है कि वे कमियों पर सवाल उठाते हैं, सरकार की आलोचना करते हैं, अयोध्या में आधे-अधूरे राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर आपत्ति जताते हैं, महाकुंभ में अव्यवस्थाओं और कोविड काल के दौरान गंगा में तैरती लाशों का उल्लेख करते हैं। इसीलिए भाजपा उनका अपमान करने पर तुली है।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नगरपालिका किरन्दुल द्वारा आवारा कुत्तों का किया जा रहा है वैक्सीनेशन



**किरन्दुल।** मंत्रालय नगरीय प्रशासन एवं विकास नवा रायपुर अटल नगर के पत्र में उल्लेखित सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नगरीय निकाय क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग, किरंदुल नगर के अन्य मुख्य सड़को पर आवारा गौवंशीय तथा अन्य पशुओं के संबंध में निर्देशों के अनुपालन में कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके तहत नगरपालिका परिषद किरंदुल क्षेत्रांतर्गत आवारा कुत्तों हेतु वार्ड क्र. 16 गौधाम में डॉग शेल्टर का निर्माण पूर्ण कर लिया गया हैं साथ ही सड़को से आवारा पशुओं को हटाने हेतु कलेक्टर द्वारा जिला डीएमएफ फण्ड से नवीन काउ कैचर एवं ट्रेक्टर प्रदान किया गया हैं। जिसका उपयोग कर मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र के नेतृत्व में नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा निरंतर आवारा कुत्तों का एन्टी रेबीज टीकाकरण एवं डीवर्मिंग का अभियान चलाया जा रहा हैं।सीएमओ शशिभूषण महापात्र ने जानकारी देते बताया कि अब तक कुल 60 आवारा कुत्तों का वैक्सिनेशन किया जा चुका हैं तथा वर्तमान में यह कार्य सतत रूप से किया जा रहा हैं।

# चैतन्य संस्था ने बिहान समूह की महिलाओं को दी महिला संबंधित कानूनों की जानकारी




**केशकाल।** महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम कर रही चैतन्य वाइस संस्था के द्वारा इन दिनों कोंडागांव जिले में गांव- गांव जाकर बिहान के साथ मिलकर समूह की महिलाओं को विभिन्न प्रकार के अधिकारों एवं कानूनी जानकारियां देकर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में केशकाल ब्लॉक अंतर्गत उजाला महिला कलस्टर केशकाल, जीवनधारा महिला क्लस्टर अड़ेंगा, आकांक्षा महिला क्लस्टर धनोरा एवं नवोदय महिला क्लस्टर बहीगांव में समूह की महिलाओं को घरेलू हिंसा से मुक्ति, जेंडर प्रशिक्षण समेत महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए बनाए गए विभिन्न कानूनों के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए उन्हें जागरूक किया गया। इस प्रशिक्षण में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्य रूप से क्षेत्रीय समन्वयक रीना मरकाम, पीआरपी ओमकुंवर बैस, चैतन्य संस्था से जिला समन्वयक अंजू यादव, ममता देवांगन एवं उर्वशी मौजूद रहे।

# मदाड़ी में जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की मांगों का हुआ त्वरित समाधान



**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के अंतिम छोर पर बसे सुदूर वनांचल क्षेत्रों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की पहल रंग ला रही है।इसी कड़ी में जनपद पंचायत कुआकोंडा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मदाड़ी में एक भव्य जिला स्तरीय 'जनसमस्या निवारण शिविर' का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य ध्येय प्रशासन जनता के द्वार की परिकल्पना को साकार करना था, ताकि ग्रामीणों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के लिए जिला या ब्लॉक मुख्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। शिविर का प्राथमिक उददेश्य ग्रामीणों की लंबित समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना, उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना था। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने एक ही छत के नीचे उपस्थित होकर ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और आवेदन स्वीकार किए।

**प्रमुख गतिविधियाँ और तत्काल लाभ वितरण** - शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में आधार कार्ड अपडेट करने और नए नामांकन की सुविधा दी गई।इसके साथ ही असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए श्रम कार्ड और स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कई ग्रामीणों को मौके पर ही ऑनलाइन आयुष्मान कार्ड बनाकर सौंपे गए।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में विशेष सक्रियता दिखाई।कुल 61 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें मलेरिया, रक्तचाप और मधुमेह की जाँच प्रमुख रही।

# मनरेगा बचाओ अभियान: भानुप्रतापपुर में कांग्रेस ने कसी कमर, 30 जनवरी तक हर कार्यस्थल पर पहुंचेंगे कार्यकर्ता



**भानुप्रतापपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे 'मनरेगा बचाओ अभियान' को और अधिक प्रभावी व गतिशील बनाने के लिए भानुप्रतापपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने हुंकार भर दी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंडल अध्यक्षों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें अभियान की सफलता को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 30 जनवरी तक ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक मनरेगा कार्यस्थल पर कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इस दौरान ग्रामीणों और मनरेगा मजदूरों से सीधा संवाद कर उन्हें उनके अधिकारों और अभियान के उददेश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। बैठक के मुख्य बिंदु - रणनीति निर्धारण : मंडल अध्यक्षों को उनके संबंधित क्षेत्रों के लिए विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। जन-जागरण: मनरेगा योजना में आ रही कटौती और ग्रामीणों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाना। समय सीमा: 30 जनवरी तक सभी ग्राम पंचायतों और कार्यस्थलों को कवर करने का लक्ष्य। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा ग्रामीणों की आजीविका का मुख्य आधार है। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण इस योजना पर आ रहे संकट के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना आवश्यक है। ब्लॉक कांग्रेस ने संकल्प लिया है कि वे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उन्हें इस अभियान से जोड़ेंगे। इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष और प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

## शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को मिला व्यवहारिक ज्ञान यू.वी. संस्कार कॉलेज, लटोरी के बी.एड. विद्यार्थियों का मनाली शैक्षणिक भ्रमण सफल



**सूरजपुर संवाददाता:**-- यू.वी. संस्कार कॉलेज, लटोरी के बी.एड. विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य शिल्पी श्रीवास्तव के मार्गदर्शन, महाविद्यालय सचिव प्रखर श्रीवास्तव के संरक्षण तथा शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष बिंदु सूर्वंशी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा-कक्षीय अध्ययन के साथ-साथ व्यवहारिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक अनुभव प्रदान करना था, ताकि वे शिक्षण के वास्तविक पक्षों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकें। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भारत की आधुनिक इंजीनियरिंग का अद्भुत उदाहरण अटल टनल रोहतांग का अवलोकन किया। यहाँ उन्हें सामरिक महत्व, पर्वतीय भौगोलिक परिस्थितियों तथा आधारभूत संरचना के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने सोलंग वैली का भ्रमण किया, जहाँ प्राकृतिक सौंदर्य के साथ पर्यटन एवं साहसिक गतिविधियों के महत्व को समझा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन के अंतर्गत विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक हिडिंबा देवी मंदिर के दर्शन किए और हिमाचल की लोकसंस्कृति, परंपराओं एवं जीवनशैली से परिचित हुए। भ्रमण को और अधिक रोचक बनाते हुए विद्यार्थियों ने नदी राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों में भी भाग लिया, जिससे उनमें आत्मविश्वास, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने पश्मीना शॉल फैक्ट्री का भी भ्रमण किया, जहाँ उन्हें जीआई टैग प्राप्त पश्मीना उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया, हस्तशिल्प उद्योग तथा स्थानीय आजीविका से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मिली। कॉलेज प्रबंधन एवं प्राध्यापकों के कुशल निर्देशन में यह संपूर्ण यात्रा सुरक्षित, अनुशासित एवं अत्यंत सफल रही। विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं जीवनभर याद रहने वाला अनुभव बताया। महाविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास, व्यवहारिक सोच और सामाजिक समझ को सशक्त बनाते हैं तथा भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## जिला पंचायत की बैठक 28 जनवरी को

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की बैठक 28 जनवरी को आहूत की गई है। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में कृषि, अंत्यावसायी, जिला व्यापार उद्योग, खादी ग्रामोद्योग एवं खनिज विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सहकारिता एवं खाद्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी और समीक्षा एवं अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## राज्य स्तरीय रोजगार मेला रायपुर में 29 जनवरी से

**बिलासपुर।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 29, 30 एवं 31 जनवरी 2026 को शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार रायपुर में किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर जिले के युवा 31 जनवरी 2026 को मेले में शामिल हो सकते है। विभिन्न कंपनियों के द्वारा 15 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। जिसमें तकनीक एवं गैर तकनीकी पद शामिल है। इच्छुक आवेदक 222.द्गह्लश्द्ध-द्दश्ह्ल.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ पोर्टल में अपना पंजीयन करा सकते है। पोर्टल में कंपनियों एवं रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। इच्छुक युवा अपने शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन, फोटो इत्यादि दस्तावेज के साथ 31 जनवरी को मेले में शमिल हो सकते है।

# नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सूरजपुर भाजपा में जश्न का माहौल, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने दिल्ली पहुंचकर दी व्यक्तिगत बधाई

**सूरजपुर।** संवाददाता भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी को बधाई देने का सिलसिला जारी है। विगत दिनों दिल्ली में आयोजित 'भाजपा संगठन पर्व' के दौरान छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी, बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रहे श्री नितिन नवीन को पार्टी के सर्वोच्च पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने की खुशी में सूरजपुर जिले के निवर्तमान जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल विशेष रूप से राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे। उन्होंने नितिन नवीन जी को पुष्पगुच्छ के साथ शुभकामनाएं देकर हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर बाबूलाल अग्रवाल ने कहा, 卐राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पार्टी के सर्वोच्च संगठनात्मक पद पर श्री नितिन नवीन जी का चयन बूथ स्तर से लेकर प्रदेश तक कड़ी मेहनत करने वाले हर एक कार्यकर्ता का सम्मान है। यह साधारण



कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में संगठन को मजबूती प्रदान करने में नितिन नवीन जी का योगदान अविस्मरणीय रहा है। उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता, संगठनात्मक दूरदर्शिता और मेहनत से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में भाजपा का आधार और सशक्त होगा। नितिन नवीन जी के नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी और आगामी चुनौतियों का मजबूती से सामना करेगी। बाबूलाल अग्रवाल ने यह भी कहा कि 45 वर्ष की उम्र में दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की कमान संभालने वाले नितिन नवीन जी युवा ऊर्जा, अनुभव और समर्पण का बेहतरीन मिश्रण हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उनका नेतृत्व पार्टी को नया आयाम देगा। सूरजपुर जिले के कार्यकर्ता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और संगठन को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुलमिलाकर यह नियुक्ति सूरजपुर जिला भाजपा इकाई के लिए गर्व का विषय बनी है, जहां स्थानीय स्तर के नेता भी राष्ट्रीय मंच पर पहुंचकर पार्टी के सम्माननीय नए राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को सम्मान दे रहे हैं। कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सभी नितिन नवीन जी के नेतृत्व में पार्टी की नई उपलब्धियों की उम्मीद कर रहे हैं।

## कन्नौजिया राठौर समाज की सीएसईबी कोरबा इकाई द्वारा वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन

**कोरबा।** कन्नौजिया राठौर समाज की सीएसईबी कोरबा इकाई द्वारा खरमोरा स्थित राठौर भवन में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय अध्यक्ष हेमचंद राठौर, जनरल सेक्रेटरी राघवेंद्र राठौर, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष सीताराम राठौर, परिक्षेत्रीय सचिव हरीश राठौर, केंद्रीय ऑडिटर रामकुमार साहू, इकाई अध्यक्ष उधो लाल राठौर, पूर्व जिलाध्यक्ष नंद किशोर साव एवं स्वराज टुडे न्यूज के चीफ एडिटर दीपक साहू शामिल हुए । सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया

**बिलासपुर।** खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति श्री गौतम चौरड़िया तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव महोदया श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले की गरिमामय उपस्थिति में छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर संघ की महामंत्री वीणा किरण ने कैलेंडर के माध्यम से विभागीय कार्यों, जनहित से जुड़ी योजनाओं और कर्मचारियों की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कैलेंडर केवल तिथियों का संकलन नहीं, बल्कि सेवा-भाव, पारदर्शिता और



उपभोक्ता हितों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम में खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नटवर सिंह राठौर, उपाध्यक्ष सन्तोष सिंह, श्रीमती शशि सिंह, श्री श्याम वस्त्रकार एवं रायपुर जिले से वीणा किरण, सरिता अग्रवाल व शुभा गुप्ता भी उपस्थित थे। माननीय अतिथियों ने संघ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी-कर्मचारियो के अनुशासन, संवेदनशीलता और जवाबदेही का विभागीय कार्यों में विशेष महत्व है। इनके माध्यम से ही शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं का मूर्तरूप प्रदेश की अंतिम व्यक्ति तक दिखाई देता है। इसके लिए विभाग के सभी अधिकारियों हेतु शुभकामनाएं व्यक्त किया गया।

# जरही में अखिल भारतीय कोल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

■ पहले दिन रोमांचक मुकाबले, कपसरा और दुग्गा ने दर्ज की शानदार जीत

**सूरजपुर/ संवाददाता-** जरही:-- नगर पंचायत जरही के खेल परिसर में अखिल भारतीय कोल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ उत्साह, खेल भावना और भारी दर्शक उपस्थिति के बीच हुआ। उद्घाटन समारोह ने पूरे क्षेत्र को खेलमय माहौल में बदल दिया, जहां खिलाड़ियों के साथ-साथ खेलप्रेमियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट के उद्घाटन दिवस पर दो जबरदस्त मुकाबले खेले गए। पहला मैच महामाया क्लब कपसरा (छत्तीसगढ़) एवं चक्रधरपुर (झारखंड) के बीच खेला गया, जिसमें कड़े संघर्ष के



बाद कपसरा टीम ने 1ङ्क0 से जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की। वहीं दूसरा मुकाबला रॉयल स्पोर्ट क्लब दुग्गा एवं सुंदरगढ़ (उड़ीसा) के मध्य खेला गया, जिसमें दुग्गा की टीम ने 2ङ्क0 से दमदार जीत हासिल कर दर्शकों का दिल जीत लिया। उद्घाटन समारोह में सूरजपुर जिला कलेक्टर एस. जयवर्धन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद झा, महाप्रबंधक (संचालन), भटगांव एरिया ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले, प्रतापपुर अनुविभागीय अधिकारी ललिता भगत, नायब तहसीलदार जरही हिना तडन सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर एस. जयवर्धन ने खिलाड़ियों और आयोजकों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना सिखाने का सशक्त माध्यम है।

# रील बनाने वाले चार स्कॉर्पियो चालक गिरफ्तार, वाहन जब्त

**कोरबा ।** शहर में सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। थाना सिविल लाइन रामपुर, जिला कोरबा पुलिस ने लोकमार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए खतरनाक स्टंट कर सोशल मीडिया के लिए रील बनाने वाले चार स्कॉर्पियो चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहन जब्त कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार, दिनांक 19 जनवरी 2026 को काले रंग की चार स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएस 7298, सीजी 12 बीएल 3201, बीएल 12 बीएच 7861 और सीजी 12 बीएच 8214 बालको से आईटीआई चैक, कोसाबाड़ी, सुभाष चैक, निहारिका, घंटाघर, महाराणा प्रताप चैक, सीएसईबी चैक होते हुए महाराजा होटल तक तेज गति और लापरवाहीपूर्वक खतरनाक स्टंट करते हुए चलाई जा रही थीं। वाहनों में सवार युवक खिड़कियों से बाहर झांककर हाथ निकालते, जोर-जोर से चिल्लाते और तेज आवाज में गाने बजाते हुए लोगों की जान को खतरे में डाल रहे थे। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना सिविल लाइन रामपुर में अपराध क्रमांक 56/2026 के तहत धारा 281 बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट में अपराध दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने चारों स्कॉर्पियो वाहनों को जब्त कर लिया और आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में पवन यादव (निवासी भूलसीडीह), चंद्र कुमार कर्श (निवासी एसईसीएल सुभाष ब्लॉक), रोहित पटेल (निवासी चंद्रनगर बरहमपुर) और मोहम्मद सहजाद खान (निवासी बरहमपुर, कोरबा) शामिल हैं।

# लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के संचालक का जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद

फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

**बिलासपुर।** लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के संचालक श्री श्रीराम तरणिकांति ने आज जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं शासन की प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री सुनील जैन, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री प्रकाश कुमार सर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संदीप अग्रवाल, सहायक कलेक्टर श्री अरविंथ कुमारन, एडीएम श्री शिवकुमार बनर्जी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर ने जिले का संक्षिप्त



परिचय प्रस्तुत करते हुए प्रशासनिक संरचना, विभागीय समन्वय एवं शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जिले में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। अपने उद्बोधन में श्री तरणिकांति ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में व्यापक, समावेशी एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को केवल उन्हीं कार्यों तक सीमित नहीं रहना चाहिए जो प्रत्यक्ष रूप से उनके समक्ष आते हैं, बल्कि उन विषयों पर भी सक्रिय पहल करनी चाहिए जो सामान्यत: सामने नहीं आ पाते। इससे शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि वे संवेदनशीलता, नवाचार एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से उतारें तथा शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# एकता हि हिन्दू समाज का मुल मंत्र

**सूरजपुर संवाददाता** - संघ शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पुर्ण होने पर हिन्दु समाज द्वारा वृहद रुप से हिन्दू समागम का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रेमनगर विकास खंड के मण्डल उमेश्वरपुर में हिन्दू समाज द्वारा भव्य स्तर पर हिन्दु सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री नागेशनाथ( विभाग प्रचारक) श्री अरुण कुमार (विभाग समरसता संयोजक ) श्री विजय साहु (खंड कार्यवाह) श्री चेतन राजवाड़े (समाज सेवक) श्रीमती अमीन बाई (जनपद) श्री राजलाल राजवाड़े (हिन्दू नेता) के द्वारा भारत माता के छाया चित्र पर दिप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम श्री अरुण कुमार जी ने हिन्दू समाज को संबोधित करते हुए प्राचीन भारतीय संस्कृति और संस्कार को संरक्षित रखते हुये प्रभु श्री



राम जी के जिवन चरित्र से संघर्ष, समरसता, सत्य, और संगठन के सिख को आदर्श मानकर लिए हिन्दू समाज को संगठित रहने के लिए आह्वान किया। श्रीमति अमीन बाई जी ने भी संबोधित करते हुए हिन्दू समाज को एकता के पथ पर चलने के लिए प्रेरित होने कि बात कहा। साथ ही हिन्दू संस्कृति हि हमारी पहचान है। सभी को धर्म के साथ जुड़े रहने के लिए आग्रह किया। क्षेत्रीय कलाकार तथा पारम्परिक शैला कि टीम जिसमें उमेश्वरपुर, तारकेश्वरपुर, आदि के टीम द्वारा मनमोहक कार्यक्रम कि प्रस्तुति दि गई। साथ ही भक्ति भजन गित भी गाकर हिन्दू सम्मेलन को और भी भव्य बना दिया गया। अंत में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री नागेश योगिनाथ द्वारा उपस्थित हिन्दू समाज को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध, स्वदेशी, पर्यावरण तथा कुटुम्ब प्रबोधन से नव भारत के निर्माण में जिम्मेदारी और जवाबदारी के साथ हिन्दू समाज को आगे आने के लिए अपिल किये। साथ ही। धर्मान्तरण जैसी सोच को समाज से उखाड़ फेकने लिए एकजुटता के साथ लोगो को आगे आने के जरुरत है। सभी जाति पंथ एक हो देश निर्माण में इसके लिए आह्वान किये। कार्यक्रम का संचालन श्री सुरेश गुप्ता श्री हरियर प्रसाद के द्वारा किया गया। उपस्थित हिन्दू समाज द्वारा भारत माता की आरती तथा महाप्रसाद बांटने के उपरांत कार्यक्रम कि समाप्ति किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रुप से उमेश्वरपुर से , ,राम सिंह श विशाल सिंह , राजपाल साहू सुभाष साहू, अमलेश्वर सिंह, दिलबोध दास, सूरज देव, प्रेमनगर से श्री मुकेश दुबे जी श्री बबलु साहु जी साथ हि महिला-पुरुष, बच्चों सहित भारी संख्या में हिन्दू समाज कि उपस्थिति में हिन्दू समागम कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

## हंसिया के नोंक पर लूट आरोपियों की तलाश....

**कोरबा।** बीती रात अज्ञात लोगों ने हंसिया की नोंक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। प्रार्थिया सोनाबाई भुसड़ीपारा मोंगराबस?ती स?कूल के पीछे में रहती है। घटना दिनांक20-21 जनवरी की दरम्यानी रात को 3 लोग उसके घर में घुसकर लूट को अंजाम दिए। पीड़िता ने बताया कि तीनों लोग मोटरसायकल से आये थे। रात को 12 बजे से 01 बजे के बीच घर के पीछे बाउड्री से कूदकर सोनाबाई के कमरा में तीन लोग अपना मुंह बांधे थे घुस गये और बेटा-बहू के कमरा में बाहर से ताला लगा दिये। तीनो सोनाबाई के कमरा में आकर कमरा में रखे हसिया को गर्दन में रखकर पैसा के संबंध में मारने की धमकी देते घर में रखे उसके मोबाईल एवं पेटी में रखे 5500 रुपये नगदी को लेकर भाग गये। ये लोग मोटर सायकल को घर के बाहर खड़ा किये थे। सोना बाई द्वारा चिल?लाने पर घर के दरवाजा को बाहर से बंद कर सभी मोटरसायकल से भाग गये पुलिस ने सोनाबाई की रिपोर्ट पर धारा 3(5), 309(6), 331(4)-ठछै के तहत जुर्म दर्ज कर पता तलाश किया जा रहा है। कुछ संदेहियों से पूछताछ किए जाने की खबर है।

# ज्योतिष शास्त्र में अंगूठी का विशेष महत्व

ज्योतिष शास्त्र में लोहे के छल्ले या कहें कि अंगूठी का विशेष महत्व बताया गया है। लोहा शनि देव से संबंधित धातु होती है। लोग इसकी अंगूठी जरूर पहनते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, लोहे की अंगूठी पहनने से शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या के अशुभ प्रभावों से राहत मिलती है, लेकिन धर्म शास्त्रों में लोहे की अंगूठी धारण करने के कुछ विशेष नियम बताए गए हैं, जिनका पालन जरूरी माना जाता है।

अगर लोहे की अंगूठी धारण करने के नियमों की अनदेखी की जाती है और इसे गलत तरीके से पहना जाता है, तो शनि देव नाराज हो सकते हैं। ऐसे में व्यक्ति को उसके जीवन में कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं, इसलिए लोहे की अंगूठी नियम के अनुसार ही धारण करनी चाहिए। आइए जानते हैं कि इसे धारण करने से पहले किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?



'ॐ शं शनैश्चराय नम:' मंत्र का 108 बार जप करें.

## किस उंगली में पहननी चाहिए लोहे की अंगूठी?

हस्तारेखा शास्त्र के अनुसार, व्यक्ति के हाथ की मध्यमा यानी बीच वाली उंगली का संबंध सीधे शनि देव से बताया गया है। ऐसे में पुरुषों के लिए दाएं हाथ की मध्यमा उंगली में लोहे की अंगूठी पहनना बहुत शुभ माना जाता है। हालांकि, विशेष परिस्थितियों में इसे बाएं हाथ की मध्यमा उंगली में भी पहना जा सकता है।

**शुभ दिन और मुहूर्त में पहनें**

लोहे की अंगूठी किसी भी दिन पहन लेना अच्छा नहीं माना जाता है। इससे पहनने के लिए सबसे अच्छा दिन शनिवार का ही माना गया है। ये दिन प्रमुख रूप से शनि देव को ही समर्पित है। वहीं अमावस्या तिथि के दिन इसे पहनना अत्यंत फलदायी होता है। इसे पहनने का सर्वश्रेष्ठ समय प्रदोष काल यानी सूर्यास्त का होता है।

**लोहे की अंगूठी पहनने की सही विधि**

- अंगूठी को सीधे बाजार से लाकर ही न पहन लें। इसे सिद्ध करना जरूरी है।
- शुद्धिकरण के लिए सबसे पहले अंगूठी को सरसों के तेल में डाल दें।
- इसके बाद इसे गंगाजल से धोकर शुद्ध कर लें।
- फिर इसको शनि देव की प्रतिमा के पास रखें। शनि चालीसा का पाठ करें और आरती करें।
- अंत में शनि देव से प्रार्थना करते हुए इसे धारण कर लें।

**किसे पहनना और किसे नहीं पहनना चाहिए?**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों पर शनि देव की साढ़ेसाती, ढैय्या या महादशा का प्रभाव हो, उनको लोहे की अंगूठी पहननी चाहिए, लेकिन पहले ज्योतिष की सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

### लोहे की अंगूठी पहनने के लाभ

अगर लोहे की अंगूठों को नियमों से पहना जाता है, तो इसके सकारात्मक परिणाम जीवन में मिलते हैं। नौकरी, व्यापार और करियर में आ रही बाधाएं दूर होती हैं। शनि देव की कृपा से धीरे-धीरे आर्थिक स्थिति स्थिर होती है।



# 10 मिनट में करें परफेक्ट मेकअप



ऑफिस के लिए हर महिला अपने मुताबिक तैयार होकर जाती है। ऐसे में एक चीज जो सभी में कॉमन होती है वह है मेकअप। मेकअप और ड्रेसिंग सेंस से लड़कियों का आत्म विश्वास काफी बढ़ जाता है। हालांकि, ऑफिस के लिए कैसा मेकअप करें इसे लेकर ज्यादातर लड़कियों को कंफ्यूजन रहती है। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार मेकअप डार्क हो जाता है या फिर कई बार बहुत लाइट हो जाता है। ऐसे में आज हम आपको ऑफिशियल मेकअप करने का सही तरीका बता रहे हैं। अगर आप यहां बताए गए मेकअप स्टेप्स को अपनाएंगी तो 10 मिनट में मेकअप करके तैयार हो जाएंगी।

**प्राइमर :-** एक बार जब आप चेहरा धो कर मॉइश्चराइजर लगा लेते हैं तो अपनी स्किन को तैयार करने और अपने मेकअप को बेहतर दिखाने के लिए प्राइमर का इस्तेमला करें। प्राइमर बड़े रोमछिद्रों कोकम कर सकता है और आपके मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रख सकता है। इन दिनो कुछ प्राइमर ऐसा भी आ रहे हैं जो फिल्टर वाला लुक देते हैं तो आप इस तरह के प्राइमर का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**फाउंडेशन :-** ऑफिस मेकअप में हल्के और लंबे समय तक टिकने वाले फाउंडेशन का इस्तेमाल करें जो आपकी स्किन के रंग से मैच होता हो।



**कंसीलर :-** दाग-धब्बों और काले घेरों को छिपाने के लिए कंसीलर का इस्तेमाल करें।

**आईलाइनर :-** ऑफिस मेकअप में जेल बेस्ड आईलाइनर का इस्तेमाल करें। ये आसानी से खराब नहीं होगा। अच्छे लुक के लिए आईलाइनर की एक पतली लेयर लगाएं और फिर इसे थोड़ा स्मज कर दें।

**ब्लश :-** अपने गालों और नाक के ऊपरी हिस्से पर थोड़ी ब्लश लगाएं। बहुत ज्यादा डार्क रंग का ब्लश लगाने से बचें। ऑफिस लुक में नैचुरल रंग का ब्लश ही अच्छा लगता है।

**होंठ :-** अपने होठों को लिप कलर से भरें। ऑफिस के लिए आप हल्के रंगों को ही चुनें।

**आंखें :-** ट्रांसपेरेंट मस्कारा लगाकर ऑफिस मेकअप लुक को पूरा करें।

# ठंड में दमकती त्वचा के लिए अपनाएं आयुर्वेदिक स्किन केयर

आयुर्वेद में हर समस्या से निपटने का इलाज है, अच्छी बात यह है कि ये इलाज नैचुरल है। जिसे हर कोई फॉलो कर सकता है। बात स्किन केयर की करें तो आयुर्वेद में त्वचा देखरेख का मतलब स्किन डिटॉक्स करने और ब्लड सर्कुलेशन सही रखने से है। सर्दियों में स्किन की सबसे कॉमन प्रॉब्लम है ड्राईनेस, इससे निपटने के लिए आप कुछ आयुर्वेदिक तरीकों को अपना सकते हैं। आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉक्टर दीक्षा भावसार ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इन तरीकों के बारे में बताया है, जानिए।



**1) अभ्यंग**

आयुर्वेद सर्दियों के दौरान नियमित अभ्यंग यानी तेल मालिश का सुझाव देता है। इससे करवाने पर कई फायदे मिलते हैं, जिनमें उम्र बढ़ने में देरी, थकान से राहत और वात दोष यानी दर्द को शांत करता है। ये सर्दियों में काफी असरदार होता है और स्किन की ड्राईनेस को खत्म कर सकता है।

**2) अटापा-सेवाना**

सर्दियों के दौरान सुबह की सूरज की किरणों के संपर्क में आना आरामदायक होता है। ऐसे में आयुर्वेद सुझाव देता है अटापा-सेवन यानी अभ्यंग के बाद जो आपकी स्किन में तेल के उचित अवशोषण में मदद करता है। इसी के साथ विटामिन डी पाने में मदद करता है।

**3) व्यायाम**

व्यायाम करने के लिए सर्दी सबसे अच्छा मौसम है। क्योंकि इस समय सभी के शरीर में ज्यादा ताकत होती है। सर्दियों के दौरान सूरज की रोशनी में शरीर की क्षमता के अनुसार व्यायाम करने से आपको पूरे दिन गर्म और एनर्जेटिक रहने में मदद मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि व्यायाम आपके शरीर की अग्नि को उत्तेजित करता है जो आपकी स्किन को गर्म रखता है और पाचन क्षमता को बढ़ाता है।

**4) स्नान**

आयुर्वेद सर्दियों के दौरान गुनगुने पानी से स्नान करने का सुझाव देता है। हालांकि, गर्म पानी से नहाने से क्योंकि ये आपकी स्किन डिहाईड्रेट करता है और आपकी स्किन ज्यादा ड्राई हो जाती है और फटने का खतरा होता है, इसलिए सर्दियों में गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी से नहाने को चुनना सबसे अच्छा है।

**5) नस्य**

नस्य मतलब नाक में औषधीय तेल डालना। यह सिरदर्द, माइग्रेन, साइनस कंजेशन, एलर्जी, नाक से खून आना, सफेद बाल, बालों का झड़ना, अनिद्रा आदि में मदद करता है। सोते समय दोनों नाक में A2 गाय का घी या तिल का तेल की 2 बूंदें डालने से सर्दियों में अच्छी नींद आती है।

**6) पाद-अभ्यंग**

घी, तिल या सरसों के तेल से पैरों की मालिश करें। ऐसा करके आपके तलवों को फटने से बचाया जा सकता है। इसके अलावा आपके दिमाग और शरीर को आराम मिलता है और ब्लड फ्लो में सुधार होता है।

# घर में ड्राइंग रूम किस दिशा में बनवाना चाहिए ?



वास्तु शास्त्र के अनुसार घर का निर्माण किया जाता है। कई बार जाने-अनजाने में गलत दिशा में घर या कमरा बनवाने से वास्तु दोष का प्रभाव बना रहता है। घर का सेंटर पॉइंट माना जाता है लिविंग रूम। घर के ड्राइंग रूम में पॉजिटिव एनर्जी बनाए रखना बेहद जरूरी है। सिर्फ मेहमान ही नहीं घर के सदस्य भी ड्राइंग रूम का इस्तेमाल करते हैं। आइए जानते हैं ड्राइंग रूम किस दिशा में बनवाना चाहिए व ड्राइंग रूम से जुड़े कुछ वास्तु टिप्स-



वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में ड्राइंग रूम उत्तर-पूर्व अथवा उत्तर-पश्चिम दिशा में होना या बनवाना शुभ माना जाता है। ड्राइंग रूम का निर्माण इस तरीके से करवाना चाहिए की सूर्य की रौशनी कमरे में आती रहे। कमरे में जितना प्राकृतिक प्रकाश आएगा उतना ही शुभ रहेगा। ड्राइंग रूम में सोफा आदि दक्षिण अथवा पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। हल्का फर्नीचर उत्तर एवं पूर्व दिशा में रखना चाहिए। ड्राइंग रूम का ईशान कोण यथा संभव खाली या बहुत हल्का होना चाहिए यानि इस दिशा में ज्यादा सामान नहीं रखना चाहिए। ड्राइंग रूम में पूर्व एवं उत्तर दिशा में खिड़की होना आवश्यक है। ड्राइंग रूम की दीवारों पर हल्के रंग का पेंट करवाना अच्छा माना जाता है। ड्राइंग रूम में सेंटर टेबल पर एक क्रिस्टल का लोटस रखना शुभ फलदायी होता है। ड्राइंग रूम का एंट्री गेट उत्तर या पूर्व की दिशा में होना बेहद शुभ माना जाता है। वहीं, ड्राइंग रूम के अंदर उत्तर या पूरब की दिशा में खिड़कियां होना बेहद शुभ माना जाता है।

# हाई बीपी को नेचुरली कंट्रोल रखते हैं ये योगासन

बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल, खानपान की खराब आदतें और जरूरत से ज्यादा तनाव, आज ज्यादातर लोगों के लिए हाई बीपी का कारण बनता जा रहा है। लंबे समय तक बना हुआ हाई ब्लड प्रेशर, हार्ट डिजीज, स्ट्रोक और किडनी फेलियर जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म देता है। यही वजह है कि इस समस्या को साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। अगर आप भी हाई बीपी की समस्या से परेशान हैं तो अपने डेली रूटीन में योग को जरूर जगह दीजिए। नियमित रूप से योगासन करने से हाई बीपी को कंट्रोल रखने में मदद मिल सकती है। योग न केवल तंत्रिकाओं को शांत करता है, बल्कि तनाव दूर करके बीपी को नेचुरली कंट्रोल करने में भी मदद करता है। आइए जानते हैं ऐसे ही दो योगासनों के बारे में, जिनका नियमित अभ्यास आपके बीपी को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है।



## सेतुबंधासन

सेतुबंधासन को अंग्रेजी में ब्रिज पोज के नाम से भी जाना जाता है। यह आसन न केवल ब्लड प्रेशर को प्रभावी ढंग से कम करने में मदद करता है, बल्कि गठिया के दर्द में भी राहत देकर मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। इस आसन को करते समय साधक को अपनी गर्दन, रीढ़ और चेस्ट में स्ट्रेच महसूस होता है। जिससे उसे अपनी परेशानी में आराम मिलता है।



## सेतुबंधासन करने का तरीका

सेतुबंधासन करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल सीधा लेटकर घुटनों और कोहनियों को मोड़ें। इसके बाद अपने पैरों को फर्श पर कूल्हों के पास और अपने हाथों को सिर के दोनों तरफ मजबूती से रखें। अब अपने दोनों हाथों और पैरों को जमीन पर सहारा देते हुए धीरे-धीरे शरीर को हवा में उठाने की कोशिश करें। ऐसा करते हुए आपका शरीर ब्रिज के समान बन जाएगा। अब इस मुद्रा में 20 सेकंड के लिए बने रहें। तय समय बाद धीरे-धीरे शरीर को पहले की मुद्रा में वापस ले आएं।

# वॉशिंग मशीन में भूल से भी ना धोएं ये 5 चीजें



रोजाना के कामों में से सबसे मुश्किल और बोरिंग काम कोई है तो वो है कपड़े धोना। खैर, वॉशिंग मशीन के आने से ये काम भी अब काफी हद तक आसान हो गया है। ढेर सारे कपड़ों को धोना हो या सूखना, अब ये सभी काम कम मेहनत और कम समय में हो जाते हैं। यूं तो वॉशिंग मशीन आज घर-घर में कॉमन हो गई है लेकिन फिर भी बहुत से लोग हैं जो इसे सही से इस्तेमाल करना नहीं जानते। आमतौर पर लोगों को लगता है कि वॉशिंग मशीन में किसी भी तरह के कपड़ों को धोया जा सकता है, जो बिल्कुल भी नहीं ठीक नहीं। जी हां, कुछ ऐसे कपड़े हैं जिन्हें किसी भी हाल में आपको वॉशिंग मशीन में नहीं धोना चाहिए। ऐसा करने से ये कपड़े तो खराब होंगे ही, साथ ही आपकी मशीन की हालत भी खराब हो सकती है। तो चलिए जानते हैं वो कौन से कपड़े हैं।

**वॉशिंग मशीन में ना धोएं सिल्क के कपड़े**

अगर आप अपनी सिल्क की साड़ियां या बाकी कपड़े बिना सोचे समझे वॉशिंग मशीन में डाल देती हैं, तो ऐसा करने से बचें। दरअसल सिल्क बहुत ही डेलिकेट फैब्रिक होता है। ऐसे में जब आप इसे मशीन में धोने के लिए डाल देती हैं, तो इसके खराब होने के चांस काफी बढ़ जाते हैं। हार्ड वॉश के चलते सिल्क के धागे निकलने लगते हैं और उसकी चमक भी खो जाती है। कई बार तो इसकी पूरी की पूरी कढ़ाई भी खराब हो सकती है ।खासतौर से महंगे और प्योर सिल्क के कपड़े खराब होने के ज्यादा चांस होते हैं।

**लेदर से बनी चीजें भी ना करें मशीन में वॉश**

कुछ लोग अपनी लेदर से बनी जैकेट्स, पैंट्स, जूते, पर्स और यहां तक कि अपनी बेल्ट और बैग भी वॉशिंग मशीन में धोने के लिए डाल देते हैं। ऐसा करने से ना सिर्फ आपकी लेदर से बनी चीजें पूरी तरह खराब हो सकती हैं बल्कि वॉशिंग मशीन तक के खराब होने का भी खतरा बढ़ जाता है। असल में लेदर से बनी चीजें काफी डेलिकेट होती हैं और उन्हें इतनी ज्यादा साफ-सफाई की जरूरत भी नहीं होती। आप किसी सॉफ्ट ब्रश या बेबी वाइप्स की मदद से लेदर को अच्छी तरह क्लीन कर सकती हैं।

**मशीन में ना धोएं ऊनी कपड़े**

सर्दियों के ऊनी गर्म कपड़े भी वॉशिंग मशीन में नहीं धोने चाहिए। खासतौर से हाथ से बुने हुए स्वेटर और जर्सी तो भूल से भी मशीन में ना डालें। दरअसल मशीन में इन्हें वॉश करने से इनपर रोए निकलने लगते हैं। साथ ही कई बार ये काफी लूज भी हो जाते हैं और बुनाई भी खुलने लग जाती है। ऐसे में बेहतर यही है कि ऊनी कपड़ों को या तो ड्राई क्लिन कराएं या फिर ठंडे पानी से हैंड वॉश करें।

**ब्रा को भी ना करें मशीन वॉश**

अगर आप अपनी डेली वियर की ब्रा मशीन में वॉश करती हैं, तो ये आदत बदल लें। दरअसल ब्रा को मशीन वॉश करने पर उसके हुक्स डैमेज होने का खतरा होता है। इसके साथ ही ब्रा के स्ट्रेप्स और शेप लूज होने के भी चांस होते हैं। खासतौर से फैंसी लेस ब्रा, पेडेड ब्रा और अंडरवायर वाली ब्रा तो आपको भूलकर भी मशीन में वॉश नहीं करनी चाहिए। इससे ब्रा के पूरी तरह डैमेज होने के चांस बढ़ जाते हैं।

# लड्डू बनाते समय कुछ आसान कुकिंग टिप्स

सर्दियों में मौसम में ज्यादातर घरों में ठंड से बचने के लिए लोग मेवे, गोंद, तिल जैसी कई चीजों के लड्डू बनाकर पहले से ही स्टोर कर लेते हैं। ये लड्डू ना सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी होते हैं बल्कि शरीर की गर्माहट बनाए रखकर सेहत को भी कई तरह के फायदे देते हैं। हालांकि कई बार लड्डू बनाते समय की गई कुछ छोटी-छोटी गलतियां ना सिर्फ लड्डू का स्वाद बल्कि उसकी बनावट भी खराब कर देती हैं। जिससे लड्डू खाने में सख्त पत्थर जैसे लगने लगते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो अगली बार लड्डू बनाते समय इन आसान कुकिंग टिप्स को जरूर फॉलो करें। ताकि आपके लड्डू भी परफेक्ट बन सकें।



## अनुपात का रखें ध्यान

लड्डू बनाते समय सबसे पहले उसमें डाली जीने वाली हर चीज के सही अनुपात का ध्यान रखें। आटे में घी की मात्रा कम रहने से लड्डू सख्त बनते हैं। ऐसे में लड्डू बनाते समय घी की मात्रा की खास ख्याल रखें। लड्डू में पर्याप्त मात्रा में डाला गया घी उन्हें नरम बनाता है।

## मीठा डालते हुए

लड्डू में मिठास बनाए रखने के लिए उसमें चीनी या गुड़ का मिश्रण डालने से पहले कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। अगर आप लड्डू में पाउडर चीनी का यूज कर रहे हैं, तो इसे लड्डू के ठंडे मिश्रण में मिलाएं। जबकि गुड़ का यूज करने पर इसे घी में हल्का पिघलाकर डालें। चीनी की चाशनी डालते समय ध्यान रखें कि एक तार की चाशनी लड्डू को सॉफ्ट बनाए रखती है।

## सही तरह से भूना हुआ हो लड्डू का मिश्रण

अगर लड्डू के बेसन या आटे की भुनाई अच्छी तरह से नहीं होती है तो लड्डू के स्वाद में कच्चापन आने के साथ वो सख्त भी बनते हैं। इस बात का खास ख्याल रखें कि लड्डू का आटा हमेशा धीमी आंच पर भूना जाता है, जिससे वो अंदर तक पक जाता है। आटे को लो फ्लेम पर तब तक भूनें, जब तक उसका रंग हल्का भूरा होने के साथ अच्छी खुशबू ना देने लगें।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिह ने किया लोकतंत्र प्रहरी और एसआर हॉस्पिटल के संयुक्त कैलेंडर का विमोचन

## लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप की पत्रकारिता और एस आर हॉस्पिटल की चिकित्सा सेवा का तालमेल प्रशंसनीय - डॉ रमन सिह



**रायपुर/दुर्ग/विशेष संवाददाता।** रायपुरः छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिह ने आज राजधानी में 'लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप' और 'एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज, दुर्ग' के संयुक्त वार्षिक कैलेंडर-2026 का विमोचन किया।

कैलेंडर विमोचन के उपरांत डॉ रमन सिह ने दोनों संस्थानों द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मीडिया और स्वास्थ्य सेवा, समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप की पत्रकारिता और एस आर हॉस्पिटल द्वारा दी जा रही चिकित्सा सेवाओं के तालमेल की उन्होंने प्रशंसा की।

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिह ने इस अवसर पर लोकतंत्र प्रहरी प्रोडक्शन एंड मीडिया ग्रुप और एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज के भविष्य के लक्ष्यों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उन्होंने प्रदेशवासियों और संस्थानों के सभी सदस्यों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

इस विमोचन कार्यक्रम में लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप एवं एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज के चेयरमैन संजय तिवारी , डॉ कमल शर्मा ,संतोष कुमार दुबे, वरिष्ठ समाज सेवी, सहित अन्य उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से चेयरमैन संजय तिवारी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिह के प्रति आभार व्यक्त किया ।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने बसंत पंचमी पर्व की सभी को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# दुर्ग रेंज पुलिस को मिला नया आईजी, अभिषेक शांडिल्य ने संभाला पदभार





**दुर्ग/विशेष संवाददाता।** दुर्ग रेंज को नया पुलिस महानिरीक्षक मिल गया है। भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अभिषेक शांडिल्य ने शुक्रवार, को विधिवत रूप से, दुर्ग रेंज का कार्यभार ग्रहण किया।पदभार ग्रहण के अवसर पर वर्तमान पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने शांडिल्य का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यभार संभालने के बाद अभिषेक शांडिल्य ने दुर्ग रेंज के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं समग्र पुलिसिंग से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के प्रति संवेदनशील, निष्पक्ष और प्रभावी पुलिसिंग उनकी प्राथमिकता रहेगी। साथ ही पुलिसिंग में बेहतर समन्वय और कार्यकुशलता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मणि शंकर चंद्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) ऋचा मिश्रा सहित दुर्ग रेंज के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहे।

# मुंगेली में भव्य स्वागत के साथ पहुँची 'मशाल गौरव रथ यात्रा'

**मुंगेली।** भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जिले के युवाओं एवं खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की मेजबानी में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 14 फरवरी से आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दाउपारा में 'मशाल गौरव रथ यात्रा' और शुभंकर मोर वीर का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव सहित स्कूल के शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्यभर में मशाल गौरव रथ यात्रा निकाली जा रही है, जो विभिन्न जिलों का भ्रमण करते हुए जनमानस को खेलों के प्रति जागरूक कर रही है।

# नगर पंचायत बम्हनीडीह में भव्य कलश यात्रा के साथ अखंड पांच दिवसीय रामचरितमानस गायन प्रारंभ



**बम्हनीडीह।** अखिल ब्रह्मांड नायक रघुकुल तिलक मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा दिवस के महान पर्व पर नगर पंचायत बम्हनीडीह के त्रिकुटी मोहल्ला कुम्हार पारा में भव्य कलश यात्रा के साथ अखंड पांच दिवसीय श्री रामायण एवं श्री रामचरितमानस ज्ञान यज्ञ का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 जनवरी को कलश यात्रा एवं कथा प्रारंभ के साथ किया जाएगा। अतः आप अपने ईष्ट मित्र, रामायण मंडली, प्रवचन करता सहित पधार कर भगवान श्री रामचंद्र जी की अमृतमयी कथा का गायन एवं प्रवचन कर पूरे नगर पंचायत बम्हनीडीह को कृतघ्न करें। हमारा कार्यक्रम दिनांक 22.01. 2026 गुरुवार को कलश यात्रा एवं मानस गायन प्रारंभ, समापन एवं चढ़ोत्री 27.01.26 मंगलवार, हवन एवं सहस्त्र धारा 28.01. 2026 गुरुवार को संपन्न होगा।

## अवैध कबाड़ समेत 4.90 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त, 17 आरोपी गिरफ्तार

# रायगढ़ पुलिस की अवैध कबाड़ पर अब तक की बड़ी कार्रवाई



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी एवं नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा के नेतृत्व में शहर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों की टीमों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से तड़के सुबह मुखबिर से प्राप्त सूचनाओं की तस्दीक करते हुए कबाड़ की खरीदी-बिक्री करने वालों के गोदामों पर एक साथ छापेमार कार्रवाई की गई। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लाखा में तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो 10 चक्का ट्रक, दो माजदा वाहन, एक बोलेरो वाहन में लोड कबाड़ तथा ग्राम चिराईपानी रोड किनारे सिकंदर कबाड़ी के गोदाम से 46 टन कबाड करीब 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का अवैध कबाड़ जब्त किया गया। मौके पर हाईवा व ट्रक वाहनों में छोटी-बड़ी गाड़ियों के पार्ट्स, लोहे के पाइप, गोली, सरिया, एंगल, खाली सिलेंडर सहित हाइड्रोलिक मशीनें भी बरामद की गई। इसी क्रम में पूंजीपथरा पुलिस टीम द्वारा 6 अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 3 ट्रक के साथ 6 आरोपियों को पकड़ा गया। इनके कब्जे से तीन ट्रक एवं लगभग 67 टन अवैध कबाड़ जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 34 लाख रुपये बताई गई है। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा आरोपियों पर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है। वहीं पुसौर क्षेत्र में 3 अलग-अलग स्थानों पर दबिश में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनसे एक टाटा 710 वाहन और 4 टन से अधिक कबाड जप्त किया गया है। इसी प्रकार चक्रधरनगर एवं भूपदेवपुर क्षेत्र में 3-3 स्थानों पर, कोतरारोड़ एवं खरसिया में 2-2 स्थानों पर तथा धरमजयगढ़ एवं तमनार में एक-एक स्थान पर कार्रवाई की गई। इस प्रकार जिलेभर में कुल 24 स्थानों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए संपूर्ण कार्यवाही में 14 वाहन जिसमें हाईवा, ट्रक, टाटा 710 वाहन, माजदा और छोटा हाथी पिकअप वाहन के साथ 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से करीब 120 टन, 331 किलो अवैध कबाड़ जब्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4 करोड़ 90 लाख 54 हजार रुपये आंकी गई है। इसके अतिरिक्त अन्य थानों में भी कार्यवाही जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में यह विशेष अभियान चलाया गया है। अवैध कबाड़ कारोबार पर आगे भी इसी तरह सख्त और लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# भिलाई-चरौदा में 9.34 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी

## शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव पर महापौर परिषद की मुहर



**भिलाई-चरौदा।** भिलाई-चरौदा नगर निगम क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और अधोसंरचना विकास को गति देने के उद्देश्य से 9 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इन कार्यों से संबंधित प्रस्तावों पर महापौर परिषद (एम.आई.सी.) की बैठक में सहमति जताते हुए शासन को भेजने की मंजूरी प्रदान की गई। नगर निगम भिलाई-चरौदा के महापौर कक्ष में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में निगम सचिव अश्विनी चंद्राकर द्वारा सभी सदस्यों को बैठक के एजेंडा से अवगत कराया गया। इसके पश्चात विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महापौर निर्मल कोसरे ने निगम आयुक्त डी.एस. राजपूत को स्वीकृत प्रस्तावों पर आवश्यक अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में उत्तर वसुंधरा नगर स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स की अविक्रित दुकानों को किराये पर दिए जाने, निगम क्षेत्र के सभी मंगल भवनों एवं मिलेट कैफे को किराये पर देने हेतु निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करने, तथा उरला वार्ड क्रमांक 30 में डोम शेड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके साथ ही सिरसागेट, भिलाई-03 में नवनिर्मित तरणताल को किराये पर दिए जाने का भी निर्णय महापौर परिषद द्वारा लिया गया, जिससे निगम की आय में वृद्धि के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। महापौर परिषद की इस बैठक में एम.आई.सी. सदस्य मोहन साहू, ईश्वर साहू, मनोज कुमार, डी. वेंकट रमना, एम. जॉनी, दीप्ति आशीष वर्मा, संतोषी निषाद एवं देवकुमारी भलावी सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक ग्रेड-2 राजू वर्मा, लिपिक अविनाश चंद्राकर तथा जनसंपर्क प्रभारी विकास चंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# जिमनास्टिक में 5 स्वर्ण पदक जीतकर भिलाई की जपनीत कौर ने रचा कीर्तिमान

## इंद्रजीत सिंह (छोटू) ने दी शुभकामनाएं, बताया युवाओं के लिए प्रेरणा



**भिलाई।** भिलाई शहर की होनहार खिलाड़ी जपनीत कौर ने डीएवी नेशनल गेम्स की जिमनास्टिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पांच स्वर्ण पदक अर्जित कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे भिलाई का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों और शहरवासियों में खुशी की लहर है। जपनीत कौर, बलजीत सिंह (स्टडी सर्कल वाले) की सुपुत्री हैं तथा वे सड़क-5, स्मृति नगर, भिलाई की निवासी हैं। कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार की सफलता हासिल करना उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर एवं सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह (छोटू) ने जपनीत कौर से सौजन्य भेंट कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने जपनीत की उपलब्धि को भिलाई शहर के लिए गर्व का विषय बताया। इंद्रजीत सिंह (छोटू) ने कहा, जपनीत कौर ने यह साबित कर दिया है कि भिलाई की बेटियां मेहनत और संकल्प के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहरा सकती हैं। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, जोगा राव, रिज्जू सिंह, रमन राव, डॉ. हरजिंदर सिंह सहित परिवारजन एवं समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने जपनीत कौर को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जपनीत कौर की इस ऐतिहासिक सफलता ने यह संदेश दिया है कि सही मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से स्थानीय प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

# महतारी वंदना योजना से आत्मनिर्भरता की ओर कदम



**मुंगेली।** शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदना योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी और सार्थक पहल के रूप में सामने आई है। इस योजना के माध्यम से प्राप्त सहायता राशि का सदुपयोग कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवार के भविष्य को संवार रही हैं। इसी क्रम में मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम टेमरी निवासी सरोजिनी ने महतारी वंदना योजना के अंतर्गत प्राप्त राशि को सावधानीपूर्वक निवेश करते हुए एक फैंसी स्टोर की शुरुआत की। इस फैंसी स्टोर से उन्हें नियमित आय का स्थायी स्रोत प्राप्त हो रहा है। सीमित संसाधनों से शुरू किया गया यह छोटा सा प्रयास आज उनके आत्मसम्मान और आत्मविश्वास का आधार बन चुका है। दुकान से होने वाली आय का समझदारीपूर्वक उपयोग करते हुए सरोजिनी अपनी बच्चियों के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने पर विशेष ध्यान दे रही हैं। उन्होंने अपनी बच्चियों के नाम से सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत खाते खुलवाए हैं और नियमित रूप से आय का एक हिस्सा बचत के रूप में जमा कर रही हैं। यह कदम न केवल उनकी दूरदर्शिता को दर्शाता है, बल्कि यह साबित करता है कि सही मार्गदर्शन और योजनाओं के सहयोग से महिलाएं परिवार की आर्थिक रीढ़ बन सकती हैं। सरोजिनी का यह प्रयास आज उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के साथ-साथ उनकी बच्चियों की शिक्षा और बेहतर भविष्य की नींव भी सुदृढ़ कर रहा है।

# ग्राम परसदा में भव्य जस गीत झांकी प्रतियोगिता के साथ मड़ई मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसदा में 17,18 जनवरी को भव्य जस गीत झांकी प्रतियोगिता का आयोजन न्यू बाल गणेश एवं मां सरस्वती समिति के तत्वधान में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के प्रमुखों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात लगातार जस गीत गायन मंडली और झांकी मंडलियों के द्वारा अनुपम प्रस्तुति दी गई। लगभग 30 जस गीत झांकी मंडली प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रथम और द्वितीय आने वाले मंडलियों को पुरस्कृत कर सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। साथ ही 19 जनवरी को मड़ई मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक छाया की भव्य प्रस्तुति हुई। वॉर्ड पार्षद युजेंद्र साहू , डिकेंद साहू प्रमुख रूप से मौजुद रहे। इस अवसर पर आयोजक समिति अध्यक्ष सोनू यादव, उपाधयक्ष देवेंद्र बया, कोसाधयक्ष मुकेश साहू , सचिव टोमन ठाकुर, निर्णायक राजकुमार बर्मन, मनीष यादव, सदस्यगण दिलेश्वर ठाकुर, शेखर साहू, शोभित साहू, सेशमणि साहू, तामेश्वर यादव, महेश साहू, छबि विश्वकर्मा, डेंकुमार साहू, भारत साहू सहित समस्त ग्राम वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने किया निजी अस्पताल का औचक निरीक्षण



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने छत्तीसगढ़ नर्सिंग होम अधिनियम 2013 के अंतर्गत लोरमी स्थित साहू हास्पिटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की महिला एवं पुरुष वार्ड, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, दवा भंडारण कक्ष सहित अन्य प्रमुख विभागों का गहन अवलोकन किया गया। अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं, डॉक्टरों की उपस्थिति, नर्सिंग स्टाफ स्वच्छता व्यवस्था एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं की विस्तार से जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों के उपचार के दौरान सभी आवश्यक विशेषज्ञ डॉक्टर समय पर उपलब्ध रहें तथा अस्पताल में शासन द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अस्पताल में अग्नि सुरक्षा, पंजीयन संबंधी दस्तावेजों एवं आवश्यक संसाधनों की भी जांच की गई। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया कि जिले में संचालित सभी निजी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम्स की नियमित जांच जारी रहेगी तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सिरसा और खुर्सीपार में बनेंगे फ्लाईओवर, यातायात जाम से मिलेगी राहत

## यातायात सुधार को लेकर जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, सिरसाङ्खुर्सीपार में दो फ्लाईओवर को मिली मंजूरी

**दुर्ग/विशेष संवाददाता।** दुर्ग जिले में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग (एनएच) के अधिकारियों ने जानकारी दी कि सिरसा एवं खुर्सीपार में दो फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है। फ्लाईओवर के निर्माण से इन क्षेत्रों में यातायात जाम की समस्या से राहत मिलेगी और वाहनों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित होगा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की संभावना में भी कमी आएगी, जिससे आम नागरिकों को आवागमन म ें सुविधा मिलेगी।

कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सुपेला मार्केट क्षेत्र में सड़क पर अवैध पार्किंग कराने वाले पार्किंग ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि अवैध पार्किंग के मामलों में वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही सड़क किनारे किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण को तत्काल हटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

बैठक में पूर्व बैठक की पालन प्रतिवेदन की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों ने पूर्ण किए गए कार्यों, वर्तमान प्रगति और विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाहियों की जानकारी दी। जिले की सड़कों पर यातायात सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया तथा कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में एएसपी यातायात ऋचा मिश्रा, नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम भिलाई चरोदा आयुक्त दशरथ राजपूत, नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई-03 महेश राजपूत, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, आरटीओ एस.एल. लकड़ा, एनएचएआई परियोजना निदेशक दिग्विजय सिंह, एनएचआई के कार्यपालन अभियंता गोविंद अहिवार, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता आशीष भट्टाचार्य सहित अन्य पुलिस एवं बीएसपी के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com